दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 199 जयपुर, शुक्रवार, 28 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




## प्रदेश के 15 जिलों में बारिश से हुई भोर की शुरुआत... जयपुर में दिनभर छाए रहे बादल, कुछ इलाकों में बारिश भी हुई

# प्रदेश में इंद्रदेव मेहरबान...

**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में मानसून की एंट्री के साथ ही मौसम सुहावना हो गया है। गुरुवार सुबह प्रदेश के 15 से अधिक जिलों में सुबह होने के साथ ही बारिश हुई। अलसुबह हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया तथा तपती गर्मी से राहत मिली। मारवाड़ में गुरुवार को दोपहर बाद इंद्रदेव मेहरबान हुए और जमकर मेघ बरसे। राजधानी जयपुर में सुबह करीब 5:30 बजे बरसात हुई। इसके अलावा उदयपुर, जोधपुर, अलवर, पाली, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, राजसमंद, चूरू, सीकर और डूंगरपुर में भी तेज बरसात हुई। प्रदेश के कई अन्य जिलों में बादल छाए रहे। उदयपुर के झाड़ोल में दोपहर करीब 3 बजे तेज बारिश हुई। इसके कारण काडा गांव में नाला उफान पर आ गया।

सलूंबर जिले में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। भीलवाड़ा जिले के करेड़ा में देवस्थान भोजा पायरा के गुंबद पर बिजली गिर गई। इससे गुंबद का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिर गया।

### अब तक इन जिलों में झमाझम

प्रदेश में अब तक जयपुर, अजमेर, धौलपुर, भरतपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, राजसमंद, सिरोही, जालोर, पाली और करौली में मानसून एंट्री कर चुका है। इधर, पिछले 2 दिन से हो रही अच्छी बारिश से प्रदेश के विभिन्न जिलों में 3 डिग्री तक तापमान गिर गया है। मौसम केंद्र जयपुर ने शुक्रवार को भी प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के जयपुर केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार आने वाले चार दिनों में मानसून पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा। राजधानी जयपुर में मानसून के 28 जून तक सक्रिय होने का अनुमान है।

### जोधपुर में जमकर बरसे मेघ

मारवाड़ में इंद्रदेव मेहरबान हुए और जमकर बरसे। जोधपुर शहर में हुई अच्छी बरसात से गली, मोहल्लों और चौराहों पर पानी ही पानी हो गया। बारिश में भीगने का छोटे से लेकर बड़ों तक ने आनंद लिया। जोधपुर में तेज बारिश के कारण शहर की भीतरी गलियों में पानी भर गया। इस दौरान चांदपोल से व्यास पार्क की तरफ जाने वाले रास्ते पर पानी का बहाव इतना तेज था कि यहां से गुजर रहा एक बाइक सवार बहने लगा। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकाला। इसी प्रकार शहर के कटला बाजार में तेज बारिश के कारण पानी भर गया। पानी का बहाव इतना तेज था कि एक युवक की साइकिल भी बह गई।

## जरूरी खबर

### मूलचंदानी बने मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश गंगाराम मूलचंदानी को राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, व भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अशोक गुप्ता को सदस्य के रूप में नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। राज्यपाल ने राजस्थान मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993, (मानवाधिकार संरक्षण, (संशोधन) अधिनियम 2019 अधिनियम संरक्षण 19, 2019 द्वारा संशोधित) की धारा 22 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन दोनों को पद धारण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि अथवा 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो के लिए यह नियुक्ति की है। मूलचंदानी सेवानिवृत्त न्यायाधीश है, वहीं अशोक गुप्ता भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी है।

### ACB का एक्शन, BCMO समेत दो रिश्वतखोर अरेस्ट



**बेधड़क.जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को टोंक और डीग में रिश्वतखोरों पर कार्रवाई की। एसीबी ने पहली कार्रवाई डीग जिले के कामां में की। यहां कामां खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) और कार्यालय के सहायक कर्मचारी को 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बीसीएमओ डॉ. कृष्णदत्त शर्मा ने नर्सिंग होम को सील करने व थाने में मामला दर्ज कराने की धमकी देकर एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसी प्रकार एसीबी ने दूसरी कार्रवाई सवाई माधोपुर के बौंली उपखंड क्षेत्र के मित्रपुरा तहसील में एक पटवारी को 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। पटवारी ने यह रिश्वत नामांतरण खुलवाने की एवज में ली थी।

-पेज 2 भी देखें

## झुंझुनूं में राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि राशि हस्तांतरण कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री भजनलाल

# प्रदेश को अग्रणी बनाने में नहीं छोड़ेंगे कोई कोर कसर

**बेधड़क।** जयपुर/ झुंझुनूं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सभ्य एवं विकसित समाज सभी वर्गों के विकास के लिए संवेदनशील रहता है। सामाजिक सुरक्षा के रूप में पेंशन जरूरतमंद को आर्थिक संबल देता है। साथ ही उन्हें मुख्य धारा से जोड़े रखता है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का दायरा बढ़ाने के साथ ही पेंशन राशि में भी बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन, एकल नारी, दिव्यांगजनों सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए हमारी सरकार कतृसंकल्पित है। इनके सामाजिक सुरक्षा के आवरण को कमजोर नहीं होने देगी। सीएम गुरुवार को झुंझुनूं में राज्यस्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि की राशि हस्तांतरण के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बटन दबाकर प्रदेश के 88 लाख से अधिक पेंशनरों के बैंक खातों में 1 हजार 37 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमांत वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना के जरिये जरूरतमंदों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है।



### संकल्प पत्र के हर एक वादे को किया जा रहा है पूरा

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में राशि को 1 हजार से बढ़ाकर 1150 रुपए की है और इसमें चरणबद्ध रूप से वृद्धि की जाएगी। संकल्प पत्र के हर एक वादे को पूरा किया जा रहा है। 88 लाख लोगों को पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है।

### शिक्षा के बेहतर अवसर दे रही राज्य सरकार

सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत विभिन्न वर्गों को छात्रवृत्ति के माध्यम से शिक्षा के बेहतर अवसर दिए जा रहे हैं। वित्त वर्ष में मई तक 17 करोड़ 60 लाख व्यय कर 16 हजार लोगों को छात्रवृत्ति दी गई है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लाभार्थियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लाभार्थियों से संवाद भी किया। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को योजना के तहत राशि बढ़ाए जाने पर आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने खेल मैदान में अशोक के पौधे का रोपण भी किया।

**आडवाणी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अपने एक्स अकाउंट पर सीएम ने लिखा कि हम सभी के मार्गदर्शक 'भारत रत्न' लालकृष्ण आडवाणी के अस्वस्थ होने का समाचार प्राप्त हुआ। अयोध्यापति प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आडवाणी को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

### सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी का शपथ समारोह



**बेधड़क.जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सचिवालय राजस्थान की आस्था, इच्छा, भावना का केंद्र है। दूरदराज में रहने वाले व्यक्ति को सचिवालय से उम्मीद रहती है। सचिवालय कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि लोग सचिवालय को देख भी नहीं पाते, सिर्फ सुनते हैं, जबकि यहां आप काम करते हैं, बल्कि सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते हैं। इस दौरान सीएम ने निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इससे पूर्व सीएम ने सचिवालय में बापू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा उन्हे नमन किया।

पेज 2 भी देखें

## 2022 का बदला: IND 171-ENG 103... जीत 68 रन

# WC-T20 भारत Vs दक्षिण अफ्रीका का फाइनल कल

**एजेंसी** | गुयाना

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला शनिवार को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। इससे पहले दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया। इसमें इंडिया ने 68 रन से जीत हासिल की। गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने कप्तान रोहित शर्मा की फिफ्टी और सूर्यकुमार यादव की दमदार बैटिंग से इंग्लैंड के सामने 172 रनों का लक्ष्य दिया। इसका पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 103 रन पर ढेर हो गई। भारत की जीत में रोहित के शानदार अर्द्धशतक और कुलदीप व अक्षर के 3-3 विकेट का योगदान रहा।



### अफगानिस्तान को 56 रन पर समेटा

**एजेंसी** | टरूबा

टी20 वर्ल्ड कप 2024 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच खेला गया, जिसे साउथ अफ्रीकी टीम ने 9 विकेट से जीतकर अपने नाम कर लिया। साउथ अफ्रीका ने पहली बार आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भी जगह बनाई। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेल गए सेमीफाइनल में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसका कोई भी बल्लेबाजी दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका।

### राज्यपाल से डिप्टी सीएम की मुलाकात



*जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में गुरुवार को प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुलाकात कीं। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थीं।*

## साल की 12वीं घटना

# कोटा में NEET की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने किया सुसाइड

**बेधड़क।** कोटा

कोचिंग हब कहे जाने वाले कोटा से एक और दुखद खबर सामने आई है। दादाबाड़ी थाना क्षेत्र में रहकर NEET की तैयारी कर रहे एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। हॉस्टल के कमरे में छात्र मृत पाया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची छात्र को लेकर एमबीएस अस्पताल पहुंची तो उसे मृत घोषित किया गया।

मृतक छात्र ऋषित अग्रवाल बिहार के भागलपुर का रहने वाला था। अंडरग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम यानी NEET (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) की तैयारी के लिए भागलपुर से कोटा आया हुआ था। गुरुवार को जब बहुत देर तक ऋषित ने दरवाजा नहीं खोला तो साथी छात्रों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची को छात्र सुसाइड कर चुका था। आनन-फानन में पुलिस छात्र को लेकर एमबीएस अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टर ने इसे उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल छात्र के सुसाइड करने की पीछे की वजह का पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को मोर्चरी पर रखवा दिया। पुलिस द्वारा परिजनों को इस मामले की सूचना दे दी गई है। उनके आने पर पोस्टमार्टम होगा।

### इस साल सुसाइड का यह 12वां केस



कोटा में मानसिक तनाव और अन्य कारणों के चलते इस साल अब तक 12 छात्रों सुसाइड किया है। इन छात्रों में एक बीटेक का स्टूडेंट भी शामिल है, वही छात्रों के सुसाइड के पीछे पढ़ाई को लेकर मानसिक तनाव देखा गया है। मेडिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने आए स्टूडेंट्स अपने जीवन को कोटा में समाप्त कर रहे हैं। यह एक चिंता का विषय बन गया है। कोटा में इस साल की यह 12वीं घटना है। इससे पहले कोटा शहर में IIT-JEE प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे 17 वर्षीय छात्र की सुसाइड का मामला सामने आया था। छात्र बिहार के मोतिहारी की रहने वाला था और जेईई की तैयारी के लिए दो साल से महावीर नगर इलाके के सम्राट चौक के पास एक पेइंग गेस्ट हाउस में रह रहा था। कोटा में जनवरी माह से लेकर अब तक इन 6 महीनों में 11 कोचिंग स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया है, वहीं अगर 2023 के आंकड़ों की बात करें तो 29 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया था। वहीं सरकारी डेटा के अनुसार, भारत में साल 2021 में सबसे ज्यादा 13,000 सुसाइड हुए हैं। ये साल 2020 के डेटा से 4.5 प्रतिशत ज्यादा हैं।

### नहीं लगा था एंटी हैंगिंग डिवाइस

जिस अनय रेजीडेंसी हॉस्टल में सुसाइड हुआ है, उसमें प्रशासन की जारी की गई गाइडलाइन के पलना भी नहीं हो रही थी। कमरे में कोई एंटी हैंगिंग डिवाइस पंखे पर नहीं लगा था, दूसरी तरफ कोचिंग भी यह लड़का नहीं जा रहा था। इस संबंध में भी हॉस्टल संचालक ने जानकारी नहीं दी, जबकि नाइट अटेंडेंस से लेकर कई प्रावधान प्रशासन की ओर से किए गए हैं। इस हॉस्टल का संचालन कर रहे आशीष बिरला का कहना है कि हॉस्टल में हैंगिंग डिवाइस लगाने का काम जारी था, जिस कमरे में सुसाइड हुआ है, उसमें फिलहाल नहीं लगी थी, जबकि शेष कमरों में लगाई जा रही है। एंटी सुसाइड रॉड नहीं मिल पाना सबसे बड़ा कारण है। हॉस्टल के मैनेजर का कहना है कि बच्चों को 2 दिन पहले गार्ड में बात की थी और पूछा था कि तुम कोचिंग क्यों नहीं जा रहे हो, तब उसने तबीयत खराब होने का जिक्र किया था।

## जरूरी खबर

### पूर्व राज्यमंत्री खोलिया ने बिरला को दी बधाई



**चाकसू।** पूर्व राज्य मंत्री विकेश खोलिया ने गुरुवार को लोकसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओम बिरला से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान बिरला को लोकसभा का दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर खोलिया ने गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी। इस दौरान चाकसू विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं से भी अवगत बिरला को अवगत कराया गया। गौरतलब है कि खोलिया 2016 में राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग में उपाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। वहीं दूसरी तरफ किशोर भाई मकवाना को राष्ट्रीय जाति आयोग का अध्यक्ष करने पर उनके नई दिल्ली कार्यालय पर जाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को दिए चेक

**बालोतरा।** मंत्री जोराराम कुमावत गुरुवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बालोतरा जिला आए। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने जिला कलेक्टर सभागार में समदड़ी निवासी फूलवंती देवी एवं अकदड़ा निवासी पुष्पा देवी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक एक लाख की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। इसी दौरान कैबिनेट मंत्री ने सिलोर ग्राम पंचायत के सरपंच की मांग पर पटवार भवन के लिए भूमि आवंटन आदेश प्रति जिला भाजपा अध्यक्ष बाबूसिंह राजपुरोहित को सुपुर्द की।

### बस ऑपरेटर्स की मांगों पर बैठक में की विस्तार से चर्चा



**जयपुर।** परिवहन मुख्यालय में गुरुवार को परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा की अध्यक्षता में बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन सदस्यों के साथ मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निजी बस ऑपरेटर्स ने करों के सरलीकरण, नए मार्गो को खोलने सहित विभिन्न समस्याएं अतिरिक्त मुख्य सचिव के समक्ष रखी। इस पर उन्होंने बस ऑपरेटर्स की मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार कर समाधान करने का आश्वस्त दिया। बैठक में परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं एसोसिएशन की ओर से राजेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण साहू, प्रवीण अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

---

राज्य आद्रभूमि प्राधिकरण की सातवीं बैठक में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने कहा...

# प्राकृतिक जलस्रोतों के संवर्धन व संरक्षण की बने कार्य योजना

बेधड़क | जयपुर



वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि कहा कि आर्द्रभूमि संरक्षण जल संरक्षण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में राज्य को हरित प्रदेश स्थापित करने एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवाचार कर राज्य को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में आदर्श राज्य स्थापित करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के प्राकृतिक स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को प्राथमिक जिम्मेदारी मानते हुए कर्तव्यों का निर्वहन किया जाना चाहिए। वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा गुरुवार को शासन सचिवालय में राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की सातवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने राज्य में आर्द्रभूमिसंरक्षण एवं संवर्धन के सामान्य आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि राज्य प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न है जिसको देखते हुए रखते हुए प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। बैठक के दौरान मौजूद वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने कहा कि राज्य के वेटलैंड्स एवं अन्य जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त कर संरक्षण एवं संवर्धन करना होगा।

### लेक मैनेजमेंट सिस्टम का चलेगा पायलट प्रोजेक्ट

बैठक के दौरान राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की सदस्य सचिव मोनाली सेन ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से आगामी कार्ययोजना से विस्तार से चर्चा कर समिति सदस्यों से विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण आर्द्रभूमि संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। इसी दिशा में राज्य में अधिसूचित झीलों का निदान, वैज्ञानिक विश्लेषण, डिजाइन, पुनर्स्थापन जोखिम की जांच, विस्तृत वैज्ञानिक विश्लेषण, प्रकृति आधारित समाधानों को डिजाइन करना, प्रकृति आधारित समाधानों द्वारा पुनर्स्थापन और निरंतर निगरानी करने के लिए लेक मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जाएगा। इसके तहत आनासागर (अजमेर), लूणकरणसर (बीकानेर), खींचन (फलोदी-जोधपुर) और चांदलाई (जयपुर) के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट चलाया जाएगा।

### सिलीसेढ को रामसर स्थल में शामिल करने पर चर्चा

सदस्य सचिव ने बताया कि वर्तमान में राज्य में दो रामसर स्थल है जिनके अंतर्गत सांभर झील एवं केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान शामिल है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा राज्य के मुख्य वेटलैंड्स को भी रामसर साइट के रूप में नामित करने का प्रयास चल रहा है जिसके तहत अब सिलीसेढ झील,अलवर को अंतरराष्ट्रीय महत्व के रामसर स्थल के रूप में नामित करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। ताकि झील को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण प्राप्त हो सके साथ ही राज्य रामसर साइट्स के मानचित्र पर एक विशेष स्थान हासिल कर सके।

### सांभर व घना के लिए इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट प्लान

सदस्य सचिव ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि सांभर झील एवं केवलादेव राष्ट्रिय उद्यान ने राज्य को न केवल पर्यटन के क्षेत्र में बल्कि वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में भी एक विशेष पहचान दिलवाई है, उन्होंने कहा कि सांभर झील एवं केवलादेव राष्ट्रिय उद्यान संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट प्लान तैयार किया गया है जिसके तहत आगामी समय में पर्यटन के साथ संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सकेगा। बैठक के दौरान प्राधिकरण के प्रमुख सदस्य एवं सम्बंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह में CM ने कहा...

# योजनाओं के क्रियान्वयन में कर्मचारियों की भूमिका अहम

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सचिवालय राजस्थान की जनता की भावनाओं, इच्छाओं और उम्मीदों का मुख्य केन्द्र है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों और निर्णयों को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने में यहां के अधिकारी-कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान को आगे बढ़ाने के लिए सभी टीम भावना के साथ कार्य करें। अधिकारी-कर्मचारी प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने और मदद करने की भावना से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

सीएम शर्मा गुरुवार को शासन सचिवालय में राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और शुभकामनाएं दीं। सीएम शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की जो मांगें रखी गई हैं उस पर राज्य सरकार सकारात्मक विचार करेगी।



### कर्मचारी कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां कार्य करने वालों के लिए यह गौरव की बात होनी चाहिए कि वह सचिवालय का अहम हिस्सा है। हमारी सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। वर्ष 2024-25 में राजस्थान सचिवालय सेवा की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक निर्धारित समय पर आयोजित कर 92 अधिकारियों को पदोन्नति दी गई। उन्होंने कहा कि सचिवालय में आधारभूत ढांचों के विकास कार्यो से अधिकारी व कर्मचारी स्वच्छ एवं सुगम कार्यस्थल पर काम कर पाएंगे। इसी क्रम में यहां बहुमंजिला मुख्य सचिव ब्लॉक, नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक के निर्माण के लिए 275 करोड़ रुपए की स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं। 70 करोड़ की लागत से नॉर्थ ब्लॉक का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। सचिवालय परिसर स्थित मुख्य भवन, खाद्य भवन और उत्तरी-पश्चिमी भवन को पूरी तरह वातानुकूलित बनाया जाएगा। इन भवनों में वीआरवी संयंत्र स्थापित करने के लिए 16 करोड़ 86 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

### कार्यकुशलता में विकास जरूरी

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण से नवाचारों को अपनाना चाहिए, जिससे कार्यकुशलता में और अधिक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ कौशल का विकास करना जरूरी है। राज्य सरकार लगातार प्रशासनिक सुधारों पर बल दे रही है। ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी नई तकनीक सीखने और अपनाने के लिए सदैव तत्पर रहें। नवाचारी और रचनात्मक सोच को अपनाएं।

### विभागों की कार्यप्रणाली में आया सकारात्मक बदलाव: पंत

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि सचिवालय में कार्य कर रहे कर्मचारी राज्य सरकार की रीड की हड्डी हैं। राज्य सरकार के जनकल्याणकारी कार्य कर्मचारियों की मेहनत और लगन से पूरे होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजकीय कार्यालयों की कार्यप्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन आया है, जो फाइल पहले 30 घंटे से अधिक समय में निस्तारित हो रही थी अब वह 4 से 5 घंटे में ही निस्तारित हो रही है। उन्होंने कहा कि सचिव स्तर पर सभी विभागों में डीपीसी की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। सचिवालय कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया एवं नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव कार्मिक हेमंत गेरा, संयुक्त शासन सचिव कार्मिक कनिष्क कटारिया, सचिवालय अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने ली बैठक

# ड्रेनेज सिस्टम सुधारने और आबादी विस्तार का काम शीघ्र करें

बेधड़क | जयपुर



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जिला प्रशासन अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पेराफेरी गांवों में आबादी विस्तार का कार्य जुलाई तक पूर्ण करने और बारिश के पूर्व जलभराव की समस्या को वाली जगहों को चिह्नित कर बचाव के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहर में सीवरेज के मेनहोल की समस्या के भी सुधार के निर्देश दिए।

देवनानी ने गुरुवार को अजमेर सर्किट हाउस में जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित एवं एडीए आयुक्त नित्या के. से शहर के विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पेराफेरी गांवों में लम्बे समय से आबादी विस्तार नहीं हुआ है। ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पेराफेरी गांवों में आबादी विस्तार की तुरंत जरूरत है। आबादी विस्तार का कार्य जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाए। इसी तरह फॉयसागर रोड़ एवं हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियाँ नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में नहीं होने के कारण वहां सफाई, रोशनी, नक्शा एवं अन्य विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। इन कॉलोनियों को यथाशीघ्र नगर निगम को हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आने वाले दिनों में बारिश को ध्यान में रखते हुए फॉयसागर एवं आनासागर झील के ओवर फ्लो पानी से बस्तियों को बचाने, ड्रेनेज एवं निकासी को उचित व्यवस्था की जाए। सड़कों पर पानी नहीं भरना चाहिए। शहर में सीवरेज की समस्या का हल निकाला जाए।

सड़कों पर सीवरेज के मेनहोल के ढक्कन खुले हैं, जगह-जगह गड्ढे हैं, इससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। इसे शीघ्र सुधारा जाए। आनासागर व फॉयसागर झील में आने वाले पानी के ट्रीटमेंट के लिए नए ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएं। नालों पर मिनी एसटीपी बनाए जाएं ताकि पूरा पानी साफ होकर ही झील में जाए। सीवरेज चैम्बरों की नियमित सफाई हो।

---

थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों पर मामला दर्ज

# युवक से मारपीट मामले में SIT बना जांच कराने की उठाई मांग

बेधड़क | चाकसू

शिवदासपुरा पुलिस की ओर से डिटेन कर बुधवार की रात लाए युवक की तबीयत बिगड़ने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। घायल युवक के भाई प्रहलाद शर्मा ने मारपीट करने के आरोप में शिवदासपुरा थाना प्रभारी रणजीत सिंह सहित थाने के अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

मामले की जांच मानसरोवर एसीपी संजय शर्मा कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दौसा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा ने घटना को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से एसआईटी का गठन कर जांच करवाने और घायल युवक का उपचार निशुल्क करने की मांग की है। उधर घायल कैलाश शर्मा की हालत में सुधार बताया जा रहा है। अस्पताल में पहुंचकर पीड़ित कैलाश की कुशलक्षेम जानी हैं। वहीं पुलिया द्वारा गिरफ्तार किए गए 2 अन्य युवकों को जमानत पर छोड़ दिया गया है। चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों से घायल युवक के स्वास्थ्य की जानकारी ली और परिजनों को ढांढस बंधया। उन्होंने मामले की जांच करवाने के साथ दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



---

पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों में पद रिक्त

# पारदर्शी होंगे उपचुनाव, मतदान 30 जून से

बेधड़क | जयपुर

पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय निकायों में गत 31 दिसम्बर तक रिक्त हुए पदों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से उपचुनाव करवाए जा रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल चुनाव करवाने के लिए आयोग पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों, सरपंचों व पंचों और नगरीय निकायों में सदस्य पदों के लिए आगामी 30 जून को मतदान किया जाएगा। इसी क्रम में नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए 8 जुलाई और उपसरपंच पद के लिए एक जुलाई को मतदान किया जाएगा। बता दें कि न्यायालय के निर्णय उपरांत जोधपुर जिले की बावड़ी पंचायत समिति के गंगाणी ग्राम पंचायत में उपचुनाव स्थगित किया गया है। रिक्तियों के आधार पर पंचायतीराज संस्थाओं के 47 जिलों में 6 जिला परिषद सदस्यों, 22 पंचायत समिति सदस्यों, 40 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों व 37 ग्राम



पंचायतों में उपसरपंच और 325 वार्डपंचों एवं नगरीय निकायों में 11 जिलों के 15 नगरीय निकायों के 11 वार्ड पार्षदों, 2 अध्यक्ष, एक-एक उपाध्यक्ष, सभापति और उपसभापति के उपचुनावों के लिए 30 जून से मतदान प्रारंभ होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने बताया कि 7 जून को आयोग की ओर से उपचुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था। कार्यक्रम के अनुसार जिला परिषद, पंचायत समिति, नगर निकाय सदस्यों, सरपंच और वार्डपंच के उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया 22 जून को पूरी की जा चुकी है। गुप्ता ने बताया कि जिला परिषद सदस्यों के लिए 11, पंचायत समिति सदस्यों के लिए 35, सरपंच के लिए 106, वार्डपंच के लिए 58, नगर निकाय सदस्यों के लिए कुल 18 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। फलोदी जिले की घंटियाली पंचायत समिति में एक सदस्य, 39 ग्राम पंचायतों में से 8 सरपंच, 325 वार्डों में से 237 वार्डपंच और अनूपगढ़ नगरपरिषद व चिड़ावा नगरपालिका में एक वार्ड पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

---

एसीबी की दो जिलों में कार्रवाई

# पटवारी, बीसीएमओ और सहायक कर्मचारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

बेधड़क | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को टोंक व डीग में रिश्वतखोरों पर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई के तहत एसीबी ने डीग जिले के कामां खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीसीएमओ) और कार्यालय के सहायक कर्मचारी को 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।



बीसीएमओ डॉ. कृष्णदत्त शर्मा ने नर्सिंग होम को सील करने व थाने में मामला दर्ज कराने की धमकी देकर एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। एसीबी टीम की ओर से आरोपियों से रिश्वत राशि बरामद कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी भरतपुर इकाई को हेल्पलाइन नंबर से एक परिवादी ने शिकायत की। परिवादी ने बताया कि कामां बीसीएमओ डॉ. कृष्णदत्त शर्मा व एक अन्य व्यक्ति कमी निकालकर नर्सिंग होम को सील करने और थाने में मामला दर्ज कराने की धमकी देकर एक लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। परिवादी की शिकायत के बाद एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी भरतपुर के एएसपी अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया।

इसके बाद गुरुवार दोपहर को आरोपी बीसीएमओ डॉ. कृष्णदत्त शर्मा और कार्यालय के सहायक कर्मचारी राकेश कुमार सैनी को 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। परिवादी की ओर से शिकायत करने से पूर्व आरोपियों ने परिवादी से 45 हजार रुपए और शिकायत के सत्यापन के दौरान 10 हजार रुपए रिश्वत के रूप में वसूल लिए थे। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### पटवारी 6 हजार की घूस लेते धरा

सवाई माधोपुर के बौंली उपखंड क्षेत्र के मित्रपुरा तहसील क्षेत्र में गुरुवार को एसीबी ने बड़ी कार्रवाई की। यहां टोंक एसीबी ने मित्रपुरा तहसील में एक पटवारी को 6 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया। यह कार्रवाई एएसपी झाबरमल यादव के नेतृत्व में की गई। यादव ने बताया कि मित्रपुरा तहसील के गोठड़ा हल्का पटवारी आशीष मीणा पुत्र ताराचंद मीणा बपूई का रहने वाला है। जिसने परिवादी से नामांतरण खुलवाने की एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद दोनों के बीच रिश्वत की राशि 6 हजार रूपए तय हुई। परिवादी ने टोंक एसीबी कार्यालय पर इसे लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसका गुरुवार सुबह सत्यापन किया गया।



### सत्यापन के बाद घूस लेते रंगे हाथों दबोचा

सत्यापन के बाद टोंक एसीबी की टीम गुरुवार को मित्रपुरा पहुंची, जहां परिवादी ने पटवारी को रिश्वत की राशि देने के लिए चौराहे पर बुलवाया। इस दौरान 6 हजार की राशि देते ही टोंक एसीबी ने आरोपी पटवारी आशीष मीणा को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एएसपी झाबरमल यादव के नेतृत्व में टोंक एसीबी की ओर से अग्रिम कार्रवाई बौंली थाने पर की गई। टीम में एएसआई आसिफ, हेड कॉन्स्टेबल मोहम्मद जुनैद, कॉन्स्टेबल जलसिंह, ईश्वर प्रकाश व अजीत आदि शामिल रहे।

**जरूरी खबर**

### 600kg पॉलीथिन जब्त, 50 हजार रु. चालान काटा



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 600 कलिो पॉलीथिन जब्त की। इस सबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर शाखा लगातार कार्रवाई कर रही है। शाखा ने मिश्र राजाजी के रास्ते में एक गोदाम पर छापा मारकर 600 किलो प्लास्टिक जब्त किया और 50 हजार रुपए का चालान भी किया। उपायुक्त नरूका ने बताया कि प्लास्टिक प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक है। आमजन के इसके बजाए कपड़े या जूट का बैग उपयोग में लेना चाहिए। प्लास्टिक के कई हानिकारक दुष्प्रभाव हैं। हेरिटेज निगम के द्वारा बाजारों में जाकर समझाइश भी की जा रही है।

### सतर्कता शाखा ने हटाए अस्थाई अतिक्रमण

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छह ट्रक सामान जब्त किया है। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सतर्कता शाखा के दस्ते ने कार्रवाई करते हुए बडी चौपड़, रामगंज, चांदपोल, जनाना अस्पताल, रावलजी का बंधा, नारायणपुरी, खातीपुरा रोड, गंगा कॉलोनी, जलमहल, मरूधर कॉलोनी से अस्थाई अतिक्रमण हटाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक बेद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में दस्ते ने छह ट्रक सामान जब्त किया गया।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार

आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...

अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं

news@sachbedhadak.com पर E- Mail करें।


**राजस्थान यूनिवर्सिटी स्विमिंग पूल में हादसा,** मृतक के परिजनों ने उठाया सवाल

## सिर्फ साढ़े 3 फुट गहरे पानी में कैसे डूबकर मर गया विकास!

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में गुरुवार शाम डूबने से एक स्टूडेंट की मौत हो गई। जहां छात्र डूबा, वहां सिर्फ साढ़े तीन फुट पानी था। घटना के बाद मृतक के परिजन ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। मृतक के भाई कृष्ण कुमार का कहना है कि इतने कम पानी में वह कैसे डूब सकता है।

जानकारी के अनुसार मृतक विकास यादव (21) पुत्र राज मोहन नीमकाथाना का रहने वाला था। वह राजस्थान यूनिवर्सिटी के अंबेडकर हॉस्टल में रहकर फिजिक्स डिपार्टमेंट से पीजी



कर रहा था। पिछले दो महीने से साथियों के साथ राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में शाम 5 से 5:45 के बैच में जाता था। स्विमिंग करते हुए गुरुवार शाम अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और वह पूल में डूब गया। गांधी नगर एसएचओ उदय ने बताया कि शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण पता चल सकेगा। विकास के दोस्त मोहित कुमार ने बताया- आज हम सब शाम 5 बजे वाले बैच में पूल के शुरुआती हिस्से में थे। यहां गहराई करीब साढ़े तीन फुट है। सब स्विमिंग कर रहे थे। वह कुछ दूरी पर था। अचानक उसे चक्कर आए या बीपी की परेशानी हुई और वह पानी के अंदर चला गया। हमने तुरंत इसकी सूचना पूल स्टाफ को दी। इसके बाद हमने और स्टाफ ने तुरंत विकास को पानी से निकाला।

### पता चलते ही निकाला और हॉस्पिटल लेकर गए

स्विमिंग पूल के कोच विजय बिश्नोई ने बताया कि मुझे स्टूडेंट्स ने बताया कि विकास बेहोश हो गया है। इसके बाद साढ़े तीन फुट की गहराई से विशाल को बाहर निकाला। मैंने उसे प्राथमिक उपचार दिया। होश में नहीं आया तो कुछ स्टूडेंट के साथ अपनी गाड़ी से सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार देने की कोशिश की, लेकिन विकास की जान नहीं बच सकी।

### जरूरत पड़ी तो जांच करवाएंगे

राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी पहुंची। उन्होंने कहा कि कल विकास की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आएगी। उसके बाद ही इस मामले में अंतिम फैसला किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो इस पूरे मामले की जांच भी करवाई जाएगी।

### प्रशासन पर झूठ बोलने का आरोप

NSUI के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश भाटी ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन झूठ बोल रहा है। विकास की गहराई में डूबने से मौत हुई है। उस वक्त वहां कोई भी सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था। पूल में हर दिन बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स और आम लोग पहुंचते हैं। बावजूद इसके यहां सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए।

मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए निगम उठाएगा सख्त कदम

## घर के बाहर गंदा पानी इकट्ठा रहा तो निगम काटेगा चालान

**बेधड़क** | जयपुर

बरसात के दिनों में अब अगर किसी के घर के बाहर गंदा पानी इकट्ठा हुआ तो हेरिटेज निगम मकान मालिक का चालान काटेगा। इससे पहले निगम ऐसे लोगों को समझाएगा, फिर भी नहीं माने तो चालान काटने की कार्रवाई की जाएगी। यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है कि मानसून की बारिश का पानी भरने से मच्छरजनित बिमारियों के होने का खतरा बन जाता है। नालियों में बारिश का पानी जमा नहीं हों, इसके लिए गुरुवार को हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सफाईकर्मियों को मच्छर नहीं पनपने देने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग से आई डॉ. निर्मला ने बताया कि बारिश का पानी छोटी नालियों में रुक जाता है, जिसकी समय पर सफाई नहीं करने से वहां मच्छर पैदा हो जाते है। इससे कई बिमारियां हो जाती है।



ऐसे में सफाईकर्मियों को नालियों की अच्छी तरह विशेष सफाई करनी चाहिए। इसके अलावा घरों में भी पानी ज्यादा दिन इकट्ठा नहीं रहे। इसके लिए लगातार मॉनिटिरिंग करनी होगी। हमें किसी भी मच्छर का लार्वा उत्पन्न नहीं होने देना है। कार्यशाला में हेरिटेज निगम के उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डा सोनिया अग्रवाल सहित अन्य निगमकर्मी भी मौजूद रहे।

### अधिकारी वार्डों में जाकर करेंगे निरीक्षण

हेरिटेज निगम उपायुक्त सोहन सिंह ने कहा कि मानसून में मच्छरजनित बिमारियां जानलेवा भी हो सकती है। इसके लिए थोड़ी सख्ती से यदि किसी के प्राण भी बच रहे हैं तो सख्ती बेहतर है। सभी वार्ड निरीक्षण गलियों की नालियां साफ हों, इसका विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा जिन घरों के बाहर गंदा पानी इकट्ठा हों, उन्हें समझाएं, नहीं मानने पर चालान भी करें। उपायुक्त सोहन नरूका ने बताया कि हेरिटेज निगम मुख्यालय से भी अधिकारी वार्डों में जाकर निरीक्षण करेंगे। उन्होंने आमजन से भी घरों में पानी ज्यादा दिन तक इकट्ठा नहीं करने की अपील की।

### कई सालों से जाम नाले खोले, बारिश का पानी निकला



मानसून में शहर के नाले उफान पर नहीं हों, इसके लिए हेरिटेज निगम की ओर से सभी नाले साफ कर दिए गए हैं। रामगढ़ मोड पर कागदीवाडा की तरफ से जलमहल की ओर आने वाले नाले में काफी समय से कचरा जमा हुआ था। इससे नालों से पानी नहीं निकल पा रहा था। ऐसे में हेरिटेज निगम की गैराज शाखा ने मशीन और सफाईकमियों के सहयोग से बंद पड़े नाले के पांच मुंह की सफाई कराई और उन्हें खोल दिया, जिससे नालों से पानी आसानी से बहने लगा। निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस नाले पर पानी नहीं जाने से सड़क पर पानी बहने लगता था। अब पानी आसानी से आगे निकल जाएगा।

एक छात्र को आई हल्की चोट

## सेंट्रल लाइब्रेरी में गिरी फॉल सीलिंग छात्रों ने किया प्रदर्शन



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी की सेंट्रल लाइब्रेरी में गुरुवार को फॉल सीलिंग गिर गई। हादसे के समय स्टूडेंट्स यहां पढ़ रहे थे। गनीमत रही कि एक छात्र को हल्की चोट के अलावा कोई बड़ी चोट किसी को नहीं आई। घटना के बाद सभी स्टूडेंट्स लाइब्रेरी के बाहर आ गए और नारेबाजी करने लगे। दरअसल, गुरुवार सुबह राजस्थान यूनिवर्सिटी की सेंट्रल लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स पढ़ रहे थे। तभी फॉल सीलिंग का एक छोटा हिस्सा लाइब्रेरी की टेबल पर गिरा। इसे देख स्टूडेंट्स भाग निकले। इसके बाद छत पर लगी फॉल सीलिंग का बड़ा हिस्सा टेबल और कुर्सियों पर गिर गया। इससे सेंट्रल लाइब्रेरी में रखी किताबें भी फॉल सीलिंग की जद में आ गईं। राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्र नेता महेश चौधरी ने कहा- यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्रों की जान को जोखिम में डालकर जर्जर हो चुकी लाइब्रेरी में बिठा रहा है। इसे जल्द से जल्द सही किया जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। महेश ने कहा- यूनिवर्सिटी में नई लाइब्रेरी बनकर तैयार हो चुकी है। उसमें अब तक स्टूडेंट के लिए अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इसकी वजह से उन्हें अब भी पुरानी लाइब्रेरी में पढ़ना पड़ रहा है। ऐसे में यूनिवर्सिटी प्रशासन को जल्द से जल्द नई लाइब्रेरी में भी स्टूडेंट के लिए सभी सुविधाओं को मुहैया करवाना चाहिए।

जन भागीदारी से प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शुरू की योजना

## प्रतिबंधित प्लास्टिक प्रोडक्ट की सूचना देने वाले को मिलेगा दस हजार रुपए का इनाम

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं के भण्डारण, परिवहन और विक्रय की जानकारी देने वाले नागरिक को दस हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। योजना के बारे में अधिक जानकारी देते हुए राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि प्लास्टिक कचरा विश्व स्तर पर एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। भूमि और जलाशय में फैला प्लास्टिक कचरा जल निकायों तक पहुंच जाता है। इससे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है।




एकल प्रयोग प्लास्टिक की वस्तुएं कचरे के ढेर में बहुतायत देखने को मिलती है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक जुलाई 2022 से एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं जैसे ईयरबड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडियां, प्लास्टिक के झंडे, केन्डी स्टिक, प्लेटें, कप, ग्लास, स्ट्रा, ट्रे इत्यादि के उत्पादन, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। ऐसे में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री पर जन भागीदारी के माध्यम से प्रतिबंध का प्रभावी क्रियान्वयन करने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई है। इसके तहत प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं के भण्डारण, परिवहन और विक्रय की गुप्त सूचना देने पर राज्य के स्थानीय निकाय विभाग, शहरी विकास और आवासन विभाग, परिवहन विभाग आदि द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं के सबूत, पर्याप्त मात्रा में जब्ती और विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसमें सूचना देने वाले को 10 हजार रुपए तक इनाम दिया जाएगा।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टनल में हुआ हादसा

## लो फ्लोर बस का स्टेयरिंग हुआ फेल, युवक के दोनों पैर कुचले

**बेधड़क** | जयपुर

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टनल में गुरुवार सुबह लो-फ्लोर बस एक बाइक सवार के दोनों पैरों को कुचल दिया। हादसा बस का स्टेयरिंग फेल हो जाने कारण हुआ। चालक ने बस को रेलिंग से टकराकर रोका। हादसे में पिरचालक सहित बस में सवार छह लोगों को भी चोटें आई हैं। घायल बाइक सवार को 108 की सहायता से एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद दुर्घटना थाना ईस्ट के हेड कॉन्स्टेबल विजय सिंह मौके



पर पहुंचे। विजय सिंह ने बताया कि बाइक सवार की पहचान चैतराम(24) पुत्र ख्यालीराम निवासी दौसा के रूप में हुई है। उसके दोनों पैरों के ऊपर से बस निकल गई। घायल के परिजनों को सूचना दे दी है। बस में सवार परिचालक सहित 6 लोगों के चोट आई है, जिन्हें का प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई हैं। बस सवार विशाल शर्मा ने बताया कि टनल में घुसते ही बस बेकाबू हो गई थी।

बस आगे चल रहे बाइक सवार के जा टकराई। इस दौरान बाइक सवार नीचे गिरा। उस पर बस चढ़ गई। इस दौरान चालक ने बस को डिवाइडर से टराकर रोका। चालक ने बताया कि बस का स्टेयरिंग फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई है।

12 वीं कक्षा के छात्र ने बनाया डिवाइस


## अब स्मार्ट डस्टबीन खुद करेगा सूखा और गीला कचरा अलग-अलग

**बेधड़क** | जयपुर

अब सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। यह काम डस्टबीन ही कर देगा। खास बात यह है कि इसे चलाने के लिए बिजली की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि यह सौर ऊर्जा से संचालित होगा। इस डिवाइस का सफल प्रायोगिक परीक्षण भी किया जा चुका है। यह डिवाइस प्रताप नगर स्थित विद्याश्रम स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र हरित मंगल ने शिक्षिका शुभी शर्मा के निर्देशन में तैयार किया है। छात्र ने इसे अमिका एलीट नाम दिया है।



### भरते ही नगर निगम को भेजता है सूचना



हरित मंगल ने बताया कि इसमें स्वत: खुलने वाला ढक्कन भी है और यह पूरी तरह भर जाने पर नगर निगम को एक सूचना भेजता है। इसमें गंध सोखने वाली चादरें भी हैं जो गंध को रोकती हैं। शिक्षिका शुभी शर्मा का कहना है कि इस खोज से देश के कुल अंतिम उत्पादित कचरे को कम करने में मदद मिल सकती है। यह कई पर्यावरणीय समस्याओं से निपटता है जिनके बारे में कोई पर्यावरण में हानिकारक अपशिष्ट का निपटान करते समय नहीं सोच सकता है। इससे अपशिष्ट प्रबंधन के संशोधित समाधानों के साथ देश को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी, जिसके बारे में कई लोग सोच रहे हैं।

### प्रायोगिक परीक्षण के बाद करवाया पेटेंट

शुभी शर्मा ने बताया कि यह एक स्मार्ट कचरा बीन है जो कचरे को उपयुक्त श्रेणियों में अलग करता है और इसलिए निपटान प्रक्रिया को और अधिक परिष्कृत बनाता है। यह सुरक्षित परिणाम उत्पन्न करने के लिए अलग-अलग उपचार प्रक्रियाओं में कचरे के कुशल प्रबंधन में काम करता है। शिक्षिका शर्मा ने बताया कि हमने शुरुआत में प्रायोगिक तौर पर इसका परीक्षण करने के लिए जयपुर में एक जयपुरिया अस्पताल के बाहर और एक अन्य स्थान पर रखा था, जो सफल रहा। इस खोज का हमने पेंटेट करवा लिया है।

### बाहर कचरा फेंका तो बजेगा अलार्म



शिक्षिका शुभी शर्मा ने बताया कि यह डस्टबीन स्वचालित रूप से कचरे से निपटने, बदबू को रोकने और अगर कोई इसके पास कचरा फेंकता है तो अलार्म ध्वनि बजने जैसी तकनीक से बनाया गया है। इससे लोग डस्टबीन से बाहर कचरा फेंकने की प्रवृति से भी बचेंगे। यह डस्टबीन साफ और गंध मुक्त रहता है। अमिका एलीट एक ऐसी मशीन है जो न केवल कचरे को कार्बनिक या अकार्बनिक, धात्विक और गैर-धातु में अलग करने में सक्षम है, बल्कि विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने में भी सक्षम है। यह आविष्कार टिकाऊ ऊर्जा स्रोत के रूप में सौर पैनलों का उपयोग करता है।

## जरूरी खबर

### साइंटिफिक ऑफिसर के पद पर अक्षिका चयनित



**चाकसू।** कस्बे के वार्ड-22 की अक्षिका जांगिड़ का साइंटिफिक ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। इससे जांगिड़ के परिवार व क्षेत्र में खुशी की लहर है। जांगिड़ अब परमाणु अनुसंधान केन्द्र मुंबई परमाणु ऊर्जा विभाग में ऑफिसर पद पर देगी सेवाएं देगी। अक्षिका अपनी सफलता का श्रेय पिता राकेश जांगिड़ सहित परिजनों और गुरुजनों को दिया है। परिजनों ने बताया कि अक्षिका का इस क्षेत्र में जाने का उसका सपना था जो उसकी मेहनत से साकार हो गया।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के बताए उपाय

**चाकसू।** राजस्थानी महिला सहकारी समिति सिकोईडिकोन परिसर शीलकी डूगरी में आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विधायक रामावतार बैरवा व प्रधान पंचायत समिति कोटखावदा प्रहलाद मीणा थे वहीं विशिष्ट अतिथि सिकोईडिकोन सचिव मंजू बाला जोशी रहीं। कार्यक्रम में महिला अधिकारों व आजीविका के क्षेत्र में स्वावलम्बी बनाने में भूमिका की जानकारी दी गई। महिलाओं को इस शुभ अवसर पर 5 लीटर पानी वाला केम्पर देकर प्रोत्साहन किया गया। आम सभा में बलवीर सिह राजावत, सत्यनारायण शर्मा, मुकेश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, राहुल शर्मा, किशन लाल सैनी आदि कई उपस्थित रहे।

### बार कौंसिल के नव निवार्चित अध्यक्ष का किया स्वागत



**चाकसू।** दी बार एसोसिएशन चाकसू द्वारा बार कौंसिल राजस्थान के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं अतिरिक्त महाधिवक्ता एडवोकेट भुवनेश शर्मा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बार अध्यक्ष नाथू लाल शर्मा व महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा ने उन्हें माला, साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान कौंसिल अध्यक्ष को अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की गई। वहीं बार काउंसिल ऑफ राजस्थान जयपुर में कार्यालय खोले जाने पर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में हरप्रीत सिंह, श्रवण लाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, लोकेश कुमार शर्मा, अर्जुन सहित सभी एडवोकेट मौजूद रहे।

**जोधपुर में दो पक्षों में विवाद के बाद उपजा था तनाव, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों से ली जानकारी**

# सूरसागर हिंसा को लेकर लिया फीडबैक, कार्रवाई का भरोसा

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के सूरसागर क्षेत्र में पिछले दिनों दो पक्षों के बीच विवाद के बाद उपजे तनाव का फीडबैक लेने के लिए शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री मदन दिलावर गुरुवार को सूरसागर पहुंचे।

उन्होंने सूरसागर में उपजे तनाव के कारणों को जानने के लिए स्थानीय लोगों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पुलिस अधिकारियों से फीडबैक लिया। इसके साथ ही क्षेत्र में बार-बार तनाव उपजने का कारण भी पूछा है। मदन दिलावर के साथ सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी भी मौके पर पहुंचे। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम को सूरसागर क्षेत्र में स्थित ईदगाह के पीछे की दीवार में दरवाजा निकालने को लेकर दो पक्ष आमने- सामने हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक बार दोनों पक्षों में समझाइश करवाकर मामला शांत कर दिया था, लेकिन रात को करीब 9 बजे व्यापारियों के मोहल्ले में दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। आक्रोशित लोगों ने एक दुकान, ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। सूचना के बाद जोधपुर के ईस्ट व वेस्ट जिले का पूरा जाप्ता मौके पर पहुंचा, उस पर लोगों ने पथराव किया था। स्थिति को नियंत्रण करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और लाठीचार्ज करना पड़ा।



#### घायल महिला से की मुलाकात

मंत्री दिलावर ने सूरसागर क्षेत्र में उपजे तनाव और पथराव में अपनी आंख खोने वाली महिला और उनके परिजनों से भी मुलाकात की है। मंत्री दिलावर ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में जो भी दोनों हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

#### तनाव की घटनाएं रोकने पर चर्चा

मंत्री मदन दिलावर ने इस मामले में पुलिस अधिकारियों से भी चर्चा की है। उन्होंने सूरसागर क्षेत्र में बार-बार तनाव की स्थिति पैदा होने का कारण पूछा है। साथ ही इस तनाव को कैसे कम किया जा सकता है इस बारे में चर्चा करते हुए फीडबैक लिया ।

#### अब तक तीन मामले हुए दर्ज

पुलिस अधिकारियों ने मंत्री दिलावर को बताया कि अभी इस मामले में तीन FIR दर्ज की गई है। इसमें एक एफआईआर पुलिस की ओर से, एक बेतूल बानो ने अपने बेटे का ट्रैक्टर जलाने और एक एफआईआर महिला ने आंख में चोट चलने की दर्ज करवाई है।

**जल संसाधन मंत्री रावत बोले- ERCP पर भी शीघ्र शुरू होगा काम**

# जल संकट से मिलेगी निजात जल्द तलाशेंगे वैकल्पिक रास्ते

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले में पेयजल संकट को लेकर लंबे समय से परेशान आमजन को जल्द ही राहत की उम्मीद बंधी है। सरकार के स्तर पर शीघ्र ही पेयजल उपलब्ध कराने के वैकल्पिक रास्तों को तलाश कर जनता को राहत दी जाएगी। जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने गुरुवार को भरतपुर दौरे में ये बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकार आमजन की प्रत्येक समस्या को लेकर गंभीर है। मंत्री रावत ने बताया कि जिला प्रशासन के साथ बैठक कर जिले के संपूर्ण विकास को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भरतपुर समेत राजस्थान के ज्यादातर हिस्सों में पानी की समस्या है। इस समस्या के समाधान के लिए हम प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी पदभार संभालते ही प्रदेश की पानी की समस्या के समाधान का सफल प्रयास किया। दिल्ली में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ईआरसीपी का पानी प्रदेश को जल्द उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की। साथ ही पदभार ग्रहण करते ही सीएम शर्मा ने वर्षों से अटकते ईआरसीपी के मसले का भी समाधान किया। एमओयू होने के बाद अब जल्द ही इस पर काम करने जा रहे हैं। मंत्री रावत ने कहा कि जिला प्रशासन के साथ हुई। इसमें भरतपुर जिले के जल संकट के समाधान को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की। वहीं पेयजल की तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था क्या हो सकती है, इस पर भी विचार-विमर्श किया गया।



#### इंटक वेल नहीं बनने से उठानी पड़ी परेशानी

भरतपुर जिले में चंबल की पानी सप्लाई के लिए फरवरी 2024 तक छह इंटक वेल बनने थे, लेकिन समय निकलने के बाद भी अभी तक ये तैयार नहीं हो पाए हैं। यही वजह है कि इस बार जिले में चंबल के पानी की सप्लाई को लेकर लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। यहां तक की जलदाय विभाग की ओर से पेयजल सप्लाई के लिए की गई टैंकरों कि वैकल्पिक व्यवस्था भी नाकाफी साबित हुई। इसको लेकर मंत्री रावत ने कहा कि इन सभी पहलुओं पर जिला प्रशासन के साथ चर्चा कर समाधान का रास्ता निकाला जाएगा। जलदाय विभाग के 400 बांधों को सिंचाई विभाग को देने के सवाल पर जिला प्रभारी मंत्री रावत ने कहा कि जिले और प्रदेश में नए बांधों का निर्माण भी किया जाएगा और पुराने बांधों का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा।

#### पेंशन हस्तांतरण समारोह में की शिरकत

शहर के यूआईटी सभागार में गुरुवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन के डीबीटी हस्तांतरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शिरकत की। वहीं समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल संवाद किया। गौरतलब है कि भाजपा के संकल्प पत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 1000 रुपए से बढ़कर 1500 रुपए करने का वादा किया था, जिसके तहत चरणबद्ध तरीके से इसमें वृद्धि की जा रही है। इसके तहत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को पहली किश्त 1150 रुपए जारी कर इसका शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री रावत ने कहा कि सरकार राजस्थान के समुचित विकास के लिए हर स्तर पर तेजी से काम कर रही है। किसानों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों सहित समाज के प्रत्येक तबके की सुविधा को देखते हुए विकास कार्य और योजनाएं लागू की जा रही हैं।

**गंगनहर में कम पानी छोड़ने का विरोध**

## पंजाब से पूरे पानी की मांग, किसानों ने कलेक्ट्रेट पर डाला महापड़ाव



**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

पंजाब से गंगनहर में कम पानी छोड़ने के विरोध में किसानों ने जिला कलेक्ट्रेट पर ग्रामीण किसान मजदूर समिति के नेतृत्व में महापड़ाव डाल दिया। श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ जिले के किसान बड़ी संख्या में महापड़ाव में पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

किसानों के महापड़ाव पर भाजपा विधायक गुरवीर सिंह बराड़ भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह किसान परिवार से हैं और किसानों की इस लड़ाई में उनके साथ हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि किसानों की मांगों को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात की है और मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि किसानों की हर मांग को पूरा किया जाएगा। इसके बाद जिला कलेक्ट्रेट में किसानों की वार्ता हुई, जिसमें सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ और श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहानी भी मौजूद रहे। वार्ता के बाद ग्रामीण किसान मजदूर समिति के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह राजू ने कहा कि हालांकि आज गंगनहर में पानी की मात्रा 2500 क्यूसेक हो गई है, लेकिन प्रशासन ने इस और कोई संजीदगी नहीं दिखाई है।

उन्होंने कहा कि किसानों का महापड़ाव जिला कलेक्ट्रेट पर लगातार जारी रहेगा और यदि पंजाब की तरफ से गंग नहर में पानी की मात्रा पूरी नहीं हुई और किसानों की अन्य मांगे पूरी नहीं हुई, तो आगामी 5 जुलाई को जिला कलेक्ट्रेट को ठप कर दिया जाएगा।

**नाकाबंदी देख कर ट्रक छोड़ भागा तस्कर**

## 40 लाख रुपए का डोडा पोस्त बरामद

**बेधड़क** | अजमेर



जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई के निर्देश पर मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार और पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार सांखला सुपरविजन में गठित टीम मे मादक पदार्थ पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

अजमेर की नसीराबाद सदर थाना पुलिस ने एक ट्रक में तस्करी कर ले जाए जा रहे करीब 40 लाख रुपए कीमत का 790 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद कर ट्रक को जब्त किया है। वहीं आरोपी ट्रक चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। फिलहाल नसीराबाद सदर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नसीराबाद सदर थानाधिकारी प्रहलाद सहाय ने बताया कि पुलिस टीम ने झड़वासा चौकी के पास नाकाबंदी की।

नाकाबंदी के दौरान भीलवाड़ा की ओर से आ रहे एक ट्रक को रोका। इतने में चालक ट्रक से उतरकर सड़क के साइड जंगलों की तरफ भाग निकला। पुलिस टीम ने चालक को पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में कामयाब हो गया। पुलिस टीम ने ट्रक की जांच की तो ट्रक में काले रंग के प्लास्टिक के कट्टों में 790 किलो 225 ग्राम डोडा-पोस्त भरा हुआ पाया गया।

**अवैध खनन के खिलाफ अभियान, 126.65 लाख का जुर्माना लगाया**

## 2,870 टन अवैध खनिज जब्त, 16 FIR दर्ज

**बेधड़क** | बूंदी



राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा एवं पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद के निर्देशन में जिले में 11 से 25 जून तक खनिजों के अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 44 वाहन जब्त किए गए। 2870.04 टन अवैध खनिज जब्त कर 126.65 लाख का जुर्माना लगाया गया और 16 मामले दर्ज किए गए। जिला पुलिस अधीक्षक अनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि अभियान के दौरान जिला प्रशासन, खनिज, पुलिस, वन, परिवहन विभाग की संयुक्त टीम जिले के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध खनन और परिवहन के लिए प्रयुक्त वाहनों को जब्त कर जुर्माना लगाया गया। साथ ही अवैध खनन करने वालों के खिलाफ संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज करवाई गई। अभियान के दौरान अवैध खनन व परिवहन में प्रयुक्त बजरी खनिज तथा बजरी सहित सभी खनिज का परिवहन करने के उपयोग में लिए जा रहे 44 वाहन जब्त किए गए। इनमें 19 ट्रैक्टर, 3 जेसीबी, 22 अन्य वाहन शामिल हैं। अभियान के तहत अवैध खनन, परिवहन व स्टॉक करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों में दर्ज 34 प्रकरणों में 16 में एफआईआर दर्ज करवाई गई। माईनिंग व पुलिस ने 23 एवं वन विभाग द्वारा 11 मामले दर्ज करवाए गए थे। इसी तरह परिवहन विभाग ने 17 प्रकरण दर्ज कर 3.51 लाख का जुर्माना लगाया और अब तक 1.87 लाख की राशि वसूल की है।


**शिक्षक विहीन महाविद्यालय**

# लॉ कॉलेज में स्टाफ नहीं... ठगा-सा महसूस कर रहे स्टूडेंट

**बेधड़क** | डूंगरपुर

जिले में लॉ कॉलेज खुला तो पढ़ाई में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों में खुशी थी कि अब उनकी कानूनी पढ़ाई की आस पूरी हो जाएगी, लेकिन विद्यार्थियों का यह सपना साकार नहीं हो रहा है।

पूर्व कांग्रेस सरकार ने ताबड़तोड़ घोषणाओं के तहत जिले में लॉ कॉलेज की घोषणा की थी। इसके बाद कॉलेज तो बन गया, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं सुचारू नहीं हो पाई। कांग्रेस सरकार डूंगरपुर लॉ कॉलेज की स्थापना करके राज्य सरकार भूल गई। तत्कालीन सरकार द्वारा घोषणा के बाद यहां अस्थाई भवन में लॉ कॉलेज शुरू किया गया, लेकिन व्याख्याता नहीं होने से एडमिशन के बाद अब लॉ स्टूडेंट अपने आप को ठगा सा महसूस करने लगे हैं। कुछ दिनों बाद परीक्षा होने वाली है, लेकिन व्याख्याता नहीं होने से स्टूडेंट की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इसके चलते वे अगले दिनों में होने वाली परीक्षा को लेकर चिंतित हैं। प्रदेश के जनजाति बहुल डूंगरपुर जिले में कांग्रेस सरकार ने योजनाओं और घोषणा का पिटारा खोल के रख दिया था। साल 2020 में लॉ कॉलेज की घोषणा से पिछड़े क्षेत्र के होनहारों के लिए कानून की शिक्षा की राह खुली थी। लेकिन अब तक कॉलेज जमीनी तौर पर शुरू नहीं हो सका है। इसकी एकमात्र वजह है लॉ कॉलेज के लिए फैकल्टी की कमी। लॉ कॉलेज के लिए साल 2020 में कांग्रेस सरकार ने घोषणा की थी। भवन के लिए गुमानपुरा गांव में 12 बीघा जमीन का आवंटन कर दिया गया।



#### व्याख्याताओं के सभी पद खाली

सरकार की ओर से 6 करोड़ रुपए का बजट खर्च कर भवन निर्माण का काम चल रहा है। ऐसे में पहला सत्र सरकार ने शुरू भी कर दिया है और इसके लिए वीकेबी गर्ल्स कॉलेज के भवन में ही पढ़ाई का इंतजाम किया गया। फर्नीचर सहित अन्य सामग्री के लिए 1 करोड़ 43 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वही कॉलेज संचालन के लिए एक प्राचार्य और 7 व्याख्याता के पद सहित कुल 21 पद स्वीकृत किए गए हैं। अब हालत ये हैं कि सत्र शुरू करने के लिए वर्तमान सरकार ने 4 व्याख्याता डेपुटेशन पर भेजे थे, जो प्रक्रिया पूरी करने के बाद अपने मूल कॉलेज में वापस लौट गए। ऐसे में कॉलेज में स्टाफ या व्याख्याता के नाम पर तमाम पद खाली है।

#### विद्यार्थियों में फैल रहा तनाव

कानून की जटिल किताबों पर रोशनी डालने के लिए व्याख्याता नहीं होने से अब कुछ ही दिनों बाद होने वाली परीक्षा पहले सत्र के सभी 60 छात्रों के लिए बड़ा तनाव का कारण बनी हुई है। कानून की पढ़ाई के लिए कॉलेज में व्याख्याताओं की नियुक्ति नहीं होने से इसका असर स्टूडेंट की पढ़ाई पर पड़ रहा है। इस शैक्षणिक सत्र के बाद दूसरे सत्र में नए एडमिशन होंगे। ऐसे में स्टूडेंट की संख्या बढ़ जाएगी। सरकार की ओर से व्याख्याता के बिना लॉ कॉलेज चलाना मुश्किल हो जाएगा। वहीं स्टूडेंट के लिए भी निजी स्तर पर ही पढ़ाई करने की मजबूरी हो चुका है।

**सरकारी भूमि पर कर रखा था कब्जा**

## पुलिस पर हमले के आरोपी का घर किया जमींदोज



**अलवर।** जिले में एनईबी पुलिस थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान सहित कई आरोपियों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। इसके लिए नगर विकास न्यास ने करीब 10 लोगों को नोटिस देकर सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी थी। गुरुवार को नगर विकास न्यास का दस्ते ने आरोपियों के अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया और जेसीबी की सहायता से पक्के निर्माण को तोड़ा जा रहा है। अतिक्रमण की कार्रवाई वाले रास्ते को ब्लॉक किया गया है। लोगों की भीड़ को भी वहां से हटाया जा रहा है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। आरोपियों के घरों पर ताला लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले हिस्ट्रीशीटर फिरोज खान को पकड़ने गई पुलिस पर वैशाली थाना नगर इलाके के मन्नाका में पथराव किया था।

## प्रथम राज आर्म्ड स्क्वाड्रन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# एनसीसी कैंप: कैडेट्स में दिखा एकता और अनुशासन का जज्बा

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के सांगानेर में शिकारपुरा स्थित सेन्ट विल्फ्रेड कॉलेज में प्रथम राज आर्म्ड स्क्वाड्रन एन.सी.सी. के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जारी है।

3 जुलाई तक चलने वाले इस कैंप में एकता और अनुशासन का अनोखा नजारा देखने को मिल रही है। कैंप कमाडेंट कर्नल राम मधुकर शर्मा ने बताया कि कैंप में मैनेजमेंट, स्किल डेवलपमेंट और लीडरशिप पर लेक्चर होने के साथ ही ड्रिल और फायरिंग की ट्रेनिंग का नजारा देखने लायक है। भारतीय सेना के लिए देश की भावी सुरक्षा का दायित्व संभालने वाली युवा पीढ़ी को सेना की द्वितीय सुरक्षा पंक्ति के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एन.सी.सी. कैंप में गुरुवार को जयपुर ग्रुप कमांडर कर्नल सुरेश सिंधु (सेना मेडल) ने भी कैडेट्स को संबोधित किया।




### काम को अपना पैशन बनाएं

कर्नल सिंधु ने कैडेट्स से कहा कि आत्मसन्तोष के लिए अपने काम को अपनी पहचान बनाना होगा। जिसमें आपके काम करने के तरीके से आपको जाना जाता है। आपने काम को अपना पैशन बनाएं, अपनी पहचान बनाएं और अपना सिग्नेचर बनाएं। यह पहचान ही आपकी स्थायी पहचान होगी। आप जहाँ भी रहेंगे वहाँ आपसे पहले आपकी पहचान पहुंच जाएगी। नाम, यश, पैसे को प्राप्त करने के लिए जब आप इनके पीछे भागेगें तो ये सब छाया की तरह आपसे दूर भागते जाएंगे। आप यदि एक्सीलेंस को इण्टीग्रेटी से फॉलो करते हैं और काम को अपनी पहचान बनाते हैं तो ये स्वतः ही आपको मिल जायेंगी।

### लीडरशिप को स्थापित करना मुश्किल

कर्नल सिंधु ने कहा कि हमारे लिए लीड़रशिप के बारे में सोचना तो आसान है जबकि लीड़रशिप को स्थापित कर पाना मुश्किल। लीडरशिप में 10 लोगों या 100 लोंगों को एक टीम के रूप में साथ लेकर चलना मुश्किल है क्योंकि टीम का प्रत्येक सदस्य अलग-अलग माईण्डमेट का व्यक्ति होता है। 'लीड़र का कोई फेवरेट नहीं होता' फेवरेट्स ढूंढने का मतलब लीडरशिप के लिए चुनौतियां खड़ी करना है। लीडरशिप के मार्ग में फेवरेट ही बोझ भी बन जाते हैं। एक लीडर के रूप में जो टीम आपके हिस्से में है। आपकी टीम में जो टुकड़ी बन गई उसकी सफलता के लिए आवश्यक है कि बिना भय और पक्षपात के उस टीम के साथ पूरे धैर्य और विश्वास से काम करते हुए ओबजेक्टिवली आगे बढ़ा जाये।

### हाउस के जरिए करना होता है काम

मेजर राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस कैंप में अलग अलग स्कूल और महाविद्यालय के कैडेट्स को मिलाकर उनका हाउस बनाया जाता है। जिस हाउस में रहकर कैडेट्स में सामाजिक समरसता, भाईचारा, सहयोग, अपनापन के अलावा तालमेल और धैर्य जैसे गुणों का विकास होता है। कैडेट्स के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय या महाविद्यालय की विजय ना होकर उसके हाउस की विजय होती है। जिससे टीम भावना का विकास होता है। जयपुर ग्रुप एनसीसी के ग्रुप कमाण्डर कर्नल सुरेश सिंधु (सेना मेडल) का उनके प्रेरक उद्बोधन के लिए एनसीसी कैम्प के समस्त एनसीसी कैडेट, पीआई स्टाफ, जेसीओ, एएनओज तथा कैंप कमांडेंट कर्नल राम मधुकर शर्मा के द्वारा आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया गया।

## Yuva स्टोरीज



### CBSE ने किया अत्याधुनिक वीडियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने अत्याधुनिक वीडियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो का उद्घाटन किया है। सीबीएसई ने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कहा कि अत्याधुनिक वीडियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो डिजिटल शिक्षा को बढ़ाने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता में मील का पत्थर है। अत्याधुनिक वीडियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो का उद्घाटन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, दिल्ली (ईस्ट) में किया गया है। यह स्टूडियो दुनिया भर में शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के लिए सीखने के अनुभव को बेहतर बनाने में मदद करेगा। सीबीएसई का नवनिर्मित स्टूडियो अत्याधुनिक तकनीक से लैस है, जिसमें हाई-डेफिनिशन कैमरे, एडवांस ऑडियो सिस्टम, ग्रीन स्क्रीन और प्रोफेशनल लाइटिंग सेटअप को शामिल किया गया है। ये सुविधाएं पीएम ई-विद्या सीबीएसई डीटीएच चैनल और विभिन्न अन्य सीबीएसई चैनलों/ पोर्टलों पर प्रसारित किए जाने वाले उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षिक वीडियो का उत्पादन सुनिश्चित करेंगी। उद्घाटन समारोह में सीबीएसई के चेयरमैन आईएएस राहुल सिंह, सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता और निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. राम शंकर मौजूद रहे। वहीं, इस दौरान बोर्ड के सभी विभागाध्यक्ष भी उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सीबीएसई छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों और काउंसलर्स के लिए करियर डेवलपमेंट पर वर्चुअल वर्कशॉप की एक सीरीज आयोजित करेगा। कार्यशाला में छात्रों को अपनी प्रतिभा और क्षमता को पहचानने व आत्मनिर्भर बनाने के महत्व पर जोर दिया जाएगा। छात्रों को उनकी ताकत का एहसास कराने के लिए उनका मार्गदर्शन भी किया जाएगा।

### म्यूजिक (वॉयलन) और मिलिट्री साइंस की साक्षात्कार सूची जारी

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से मिलिट्री साइंस तथा म्यूजिक (वॉयलन) विषय की परीक्षा के बाद साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। इसमें म्यूजिक (वॉयलन) के 2 पदों के विरुद्ध 6 अभ्यर्थियों एवं मिलिट्री साइंस के 1 पद के विरुद्ध 3 अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया गया है। इन विषयों की परीक्षा का आयोजन सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के अंतर्गत 31 मार्च 2024 को किया गया था। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि इस परीक्षान्तर्गत तृतीय प्रश्न-पत्र (जनरल स्टडीज ऑफ राजस्थान) की परीक्षा का आयोजन 7 जनवरी को किया गया था। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रमानुसार 42 विषयों के प्रश्न-पत्र प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षाओं का आयोजन आयोग द्वारा करवाया गया। इसमें 31 मार्च को 13 ऐच्छिक विषय, 17 मार्च को 2 विषय तथा 16 मई से 2 जून तक 27 ऐच्छिक विषयों के कुल 84 प्रश्न-पत्रों की परीक्षाएं आयोजित की गई। इनमें से 2 विषयों के लिए साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। आयोग द्वारा समस्त 42 विषयों की परीक्षा संपन्न होने के पच्चीसवें दिन ही 2 विषयों का परिणाम जारी कर दिया गया है।

### 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' में गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**जयपुर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच व उपचार किया गया। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों



द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है।

## निजी शिक्षण एवं कोचिंग संस्थानों से कलेक्टर की अपील

# पौधारोपण कर अभियान को बनाएं सफल: चौधरी

**बेधड़क** | सीकर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के विजन हरित राजस्थान को साकार करने के उद्देश्य से हरित सीकर एक जन अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निजी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संचालकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की।

उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार 'एक व्यक्ति, एक वृक्ष अभियान' को जिले में सफल बनाने के लिए निजी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संचालकों के प्रतिनिधियों से अपेक्षित सहयोग करने की अपील की। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने मार्मिक अपील करते हुए कहा कि जिले में प्रत्येक व्यक्ति मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस करुणामई पहल में अपना योगदान देकर स्वयं के एवं आने वाली पीढ़ी के हित में अपनी अहम भूमिका अदा करें।

मानवीय जीवन की इसी आवश्यकता के मर्म को संवेदनशीलता से समझते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस अभियान की शुरूआत की है। जिसमें जिले के समस्त राजकीय अधिकारी एवं कर्मचारी, निजी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संचालक निर्धारित लक्ष्य के अनुसार एक व्यक्ति, एक वृक्ष' अभियान में अपनी अहम भूमिका सुनिश्चित करेंगे तो जिले को हरित सीकर बनाने में सफलता मिलेगी। इसलिए मेरी आमजन, निजी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग संस्थानों, एनजीओ कार्मिकों से अपील है कि वे संबन्धित स्थानों एवं परिसरों में सघन पौधारोपण कर अभियान को सफल बनाएँ। बैठक में सीईओ जिला परिषद नरेन्द्र सिंह पुरोहित, जिला साक्षरता अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी राकेश लाटा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शीशराम कुल्हरी, प्रारंभिक लालचंद नहलिया, अधीशाषी अभियन्ता नरेगा रमजान अली, उपनिदेशक सांख्यिकी डॉ.अनिल शर्मा सहित कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।



### कोचिंग संस्थान ग्राम पंचायत को गोद लेकर ले सहयोग

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए कोचिंग संस्थान, ग्राम पंचायत को गोद लेकर गांव के सरपंच, ग्रामीणों से समन्वय कर उनसे सामूहिक सहयोग लेवें और चारागाह में जमीन चिन्हित कर संस्थान के बच्चों को ले जाकर पौधारोपण करवायें साथ ही अपने संस्थान का बोर्ड भी लगा सकते है। उन्होंने कहा कि जो भी पेड़ लगाएं जाए वे मात्र ओपचारिकता नहीं होकर सच्चे मन से यह कार्य करेंगे तो उन्हें एक सुकून का एहसास होगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि मेरी मंशा है कि पूरे जिले में ऐसा माहोल बने की जिले में पौधारोपण अभियान चल रहा हैं।

### कोचिंग संचालकों ने लिया हजारों पेड़ लगाने का संकल्प

बैठक में निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष बीएल रणवां लोसल ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने के साथ ही एलएन कोचिंग संस्थान ने एक हजार पौधे नानी बीड़ में लगाने, फीजिक्स वाला कोचिंग संस्थान ने 500 पेड़ लगाने सहित अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हरित सीकर अभियान को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने पौधारोपण के लिए रिक्त भूमियों का और चिन्हांकन करें। चिन्हित भूमि पर पौधारोपण के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उसकी पूर्ति के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाए।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीकर।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के साप्ताहिक गतिविधियों के तहत केजीएन होस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पीसीपीएनडीटी अधिनियम एवं जन स्वास्थ्य दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएचईडब्ल्यू के जेंडर स्पेशलिस्ट प्रकाश चन्द्र ने उपस्थित नर्सिंगकर्मियों को पीसीपीएनडीटी एक्ट के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि घटते हुए लिंगानुपात व बढ़ते कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए गर्भधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 बनाया गया है। साथ ही मुखबिर योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत जन स्वास्थ्य दिवस के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहिए। सखी वन स्टांप सेन्टर प्रबंधक विधा जोशी ने नर्सिंग कर्मियों को कन्या भ्रूण हत्या अधिनियम और सखी वन स्टांप सेन्टर की सुविधाओ के बारे में जानकारी दी। सखी वन स्टांप सेन्टर परामर्शदाता प्रियंका पारीक द्वारा नाता प्रथा और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान केजीएन होस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के प्रबंधक सिकन्दर खान ने विचार रखे।

### शर्मा बने संस्थापन अधिकारी

**जयपुर।** राजकीय लक्ष्मीनाथ शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय चितवाड़ी में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत गजानन शर्मा निवासी धवली को संस्कृत शिक्षा विभाग में मंत्रालयिक सेवा के सर्वोच्च पद संस्थापन



अधिकारी पद पर 1.4.2022 से पदोन्नत किया गया है। अब शर्मा राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग के मंत्रालयिक संवर्ग के सबसे वरिष्ठ अधिकारी हो गए हैं। इन्होंने निदेशालय संस्कृत शिक्षा में 26 जून को कार्य ग्रहण कर लिया है।



## फार्मासिस्ट भर्ती का मामला

# डिप्लोमा-डिग्री को फर्जी बताने पर ड्रग कंट्रोलर को नोटिस

■ वैरिफिकेशन में यूनिवर्सिटी ने माना सही

**बेधड़क** | जयपुर

फार्मासिस्ट भर्ती में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब ताजा मामला इस फार्मासिस्ट भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के डिप्लोमा-डिग्री की जांच का आया है। इसमें डिप्लोमा-डिग्री को फर्जी बताने के मामले में ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक को औषध नियंत्रण विभाग आयुक्त ने नोटिस जारी किया है।

गौरतलब है कि ड्रग कंट्रोलर ने अभ्यर्थियों के डिप्लोमा को फर्जी बताया गया था, लेकिन संबंधित यूनिवर्सिटी ने वैरीफिकेशन में इन्हें ऑरिजनल बताया। ड्रग कंट्रोल एवं फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट के कमिश्नर की ओर से जारी नोटिस में बताया कि 6 अप्रैल को विलियम कैरी यूनिवर्सिटी ने 25 छात्रों की फार्मेसी डिप्लोमा को सही बताते हुए इसकी सूचना राजस्थान फार्मेसी काउंसिल और विजिटिंग टीम को दे दी थी।

इसके बाद भी आपने (ड्रग कंट्रोलर प्रथम) ने फार्मासिस्ट भर्ती के लिए आए आवेदनों की जब जांच की तो उसमें इन 25 विद्यार्थियों के डिप्लोमा का प्रमाणीकरण यूनिवर्सिटी से नहीं होना बताया और उन अभ्यर्थियों के डिप्लोमा को फर्जी बताया। इसी महीने की शुरुआत में भर्ती के लिए बनी कमेटी ने एक रिपोर्ट पेश की थी। ये रिपोर्ट फार्मासिस्ट भर्ती के लिए आए आवेदनों की जांच की थी। इसमें यूपी की वीर बहादुर पूर्वांचल यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश की आईईसी यूनिवर्सिटी, रांची (झारखंड) की वाईबीएन यूनिवर्सिटी और मेघालय की विलियम कैरी यूनिवर्सिटी से पढ़कर आए स्टूडेंट्स की जिन्होंने भर्ती के लिए आवेदन किया था। उनकी डिग्री-डिप्लोमा को फर्जी बताया था। जिन 25 अभ्यर्थियों ने मेघालय की विलियम कैरी यूनिवर्सिटी के डिप्लोमा-डिग्री लगाकर भर्ती के लिए आवेदन किए थे। उनकी जांच के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन को विभाग ने ई-मेल भेजकर डिप्लोमा-डिग्री के सत्यापन की रिपोर्ट मांगी थी। इस सत्यापन रिपोर्ट में यूनिवर्सिटी ने सभी 25 स्टूडेंट्स के डिप्लोमा को सही बताया था। लेकिन उस रिपोर्ट के बावजूद भर्ती के लिए बनी कमेटी ने इन 25 स्टूडेंट्स के डिप्लोमा को फर्जी बता दिया था। अब आयुक्त ने इस मामले में जिम्मेदारी अधिकारी ड्रग कंट्रोलर प्रथम को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है कि आखिरी आपने किस आधार पर डिप्लोमा को फर्जी बताया था। जबकि यूनिवर्सिटी से वैरिफिकेशन की रिपोर्ट इसी साल 6 अप्रैल को ही आ गई थी।

गाइडलाइन | कैबिनेट सब कमेटी ने दिए निर्देश

# सरकारी-स्कूलों के नामकरण में हटेगा सियासी दखल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने सरकारी स्कूल और कॉलेजों के नामकरण में सियासी दखल कम करने की तैयारी कर ली है। सरकारी स्कूल-कॉलेजों का नामकरण नेताओं, भामाशाहों, दानदाताओं और शहीदों के नाम करने को लेकर नई गाइडलाइन बनाएगी। अभी इसको लेकर कोई गाइडलाइन नहीं है। दरअसल गहलोत सरकार के आखिरी छह महीने के कार्यकाल की समीक्षा के लिए बनी कैबिनेट सब कमेटी ने शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग को स्कूल-कॉलेजों के नामकरण के लिए नियम और गाइडलाइन बनाने के निर्देश दिए हैं। गहलोत सरकार के आखिरी छह महीनों की समीक्षा के दौरान स्कूल, कॉलेजों और सरकारी भवनों के नामकरण के कई मामलों की जांच की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई स्कूल-कॉलेजों में कुछ कमरे बनाने वाले दानदाताओं के नाम पर संस्थान का नामकरण कर दिया गया। ऐसे मामलों को देखते हुए कैबिनेट सब कमेटी ने अब नई गाइडलाइन बनाने के आदेश दिए हैं। गाइडलाइन बनने से ऐसे मामलों में निर्णय लेने में अधिकारियों को आसानी रहेगी।




### नामकरण के नियम तय होने चाहिए: पटेल

कैबिनेट सब कमेटी के मेंबर और ससंदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि पिछली सरकार ने जाते-जाते कई स्कूल-कॉलेजों के नामकरण कर दिए, लेकिन अब आगे से इसके नियम तय होने चाहिए। इसके बेसिक क्राइटेरिया होने चाहिए। स्कूल-कॉलेज का नामकरण किसके नाम पर होगा। दानदाता और शहीदों के नाम हो, इसके लिए प्रॉपर गाइडलाइन बनाने को कहा गया है। स्कूल-कॉलेज का नामकरण राजनीतिक आधार पर नहीं होना चाहिए। अब तक इसकी कोई गाइडलाइन नहीं थी।

### कॉलेज शिक्षा में आयुक्त पद पर आईएएस नहीं लगाने के निर्देश

कॉलेज शिक्षा आयुक्त के पद पर आईएएस को बैठाने पर कैबिनेट सब कमेटी के मेंबर जोगाराम पटेल ने आपत्ति की है। कैबिनेट सब कमेटी का तर्क है कि नियमों में इसका प्रावधान ही नहीं है। कॉलेज शिक्षा आयुक्त पद पर कैबिनेट सब कमेटी ने शिक्षाविद को लगाने का सुझाव दिया है। कॉलेज शिक्षकों के कैडर में से ही यह पद देने का सुझाव दिया गया है। कैबिनेट सब कमेटी ने इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग को नए नियम बनाकर इस सुझाव को शामिल करने को कहा है। कमेटी के निर्देशों के बाद अब उच्च शिक्षा विभाग ड्राफ्ट तैयार करेगा। कमेटी अपनी रिपोर्ट में भी इस सुझाव को शामिल करेगी। मंत्री जोगाराम का तर्क है कि जिस तरह कई तकनीकी विभागों में उसी सर्विस का अफसर आयुक्त बनता है, उसी तर्ज पर कॉलेज शिक्षा आयुक्त का पद भी उच्च शिक्षा सर्विस से जुड़े शिक्षक को देना चाहिए। इससे कॉलेज शिक्षा का ढांचा सुधारने के साथ विभाग को भी फायदा होगा।

# भारतीय वयस्कों के स्वास्थ्य की स्थिति चिंताजनक!




**सुनील कुमार महला**
स्वतंत्र टिप्पणीकार


हाल ही में शारीरिक गतिविधियों के संबंध में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के तथ्य अत्यंत चौंकाने वाले हैं। रिपोर्ट में भारतीय वयस्कों के स्वास्थ्य की स्थिति को चिंताजनक बताया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारतीय वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधियों का प्रतिशत वर्ष 2000 के 22.3 से बढ़कर वर्ष 2022 में 49.4 हो गया बताया गया है और यह भी कहा गया है कि यदि इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो वर्ष 2030 तक 60 फीसदी आबादी अस्वस्थ होगी। यह भारत के लिहाज से अत्यंत चिंताजनक है। चिंताजनक इसलिए क्योंकि पर्याप्त शारीरिक गतिविधियां नहीं होने से बीमारियों का खतरा बना रहेगा। यह अत्यंत विचारणीय होने के साथ ही अत्यंत गंभीर है कि भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधियों संबंधी दिशा-निर्देशों को पूरा नहीं करती है। यानी शारीरिक तौर(फिजिकली फिट) पर पूरी तरह फिट नहीं है। बताया गया है कि पुरुषों (42 फीसदी) के मुकाबले महिलाएं (57 फीसदी) शारीरिक गतिविधियों के मामले में ज्यादा निष्क्रिय हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत में शारीरिक श्रम करने में लोग काफी आलसीपन दिखाते हैं।

रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि वैश्विक स्तर पर लगभग एक तिहाई लोग (31.3 प्रतिशत) शारीरिक श्रम पर्याप्त रूप से नहीं करते। रिपोर्ट में पाया गया कि ये आंकड़ा वर्ष 2010 के मुकाबले और बढ़ गया है। उस समय के दौरान दुनिया भर में अपर्याप्त रूप से शारीरिक गतिविधि में संलग्न 26.4 प्रतिशत लोग थे, जो अब पांच प्रतिशत अधिक है। दरअसल, आज हमारी जीवनशैली में आमूलचूल परिवर्तन आ गए हैं और हमारे देश की आबादी बैठे-बैठे काम करने की प्रवृत्ति की ओर लगातार बढ़ रही है। एक समय था जब ऐसा नहीं था और शारीरिक श्रम पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाता था। बढ़ते मशीनीकरण, आधुनिकीकरण के कारण ऐसा संभव हुआ है। पहले के जमाने की तुलना में हमारे कामकाज के पैटर्न में बदलाव आ गये हैं और आज हर कोई स्क्रीन को अधिक समय दे रहे हैं। पर्यावरण में भी आमूलचूल परिवर्तन आए हैं। ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव भी हमारी जीवनशैली पर पड़ा है। हम वाहनों पर निर्भर हो गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में महिलाओं में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि चिंता का विषय है। हालांकि, हमारे पड़ोसी बांग्लादेश, भूटान और नेपाल में महिलाएं ज्यादा सक्रिय हैं। इस संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं में निष्क्रियता के लिए घर के कामों में उनकी ज्यादा भागीदारी जिम्मेदार है। इससे उन्हें खुद पर ध्यान देने का कम समय मिलता है। क्या यह सोचनीय व गंभीर नहीं है कि अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (फिजिकल एक्टिविटी ) के मामले में हमारा देश भारत 195 देशों में 12वें पायदान पर है? दुनिया भर में, करीब एक तिहाई (31 प्रतिशत) वयस्क यानी कि करीब 1.8 बिलियन लोगों ने 2022 में शारीरिक गतिविधि के रिकमेंडेड लेवल (अनुशंसित स्तर) को पूरा नहीं किया। सबसे चिंता की बात यह है कि भारतीय वयस्कों में फिजिकली इनएक्टिव होना साल 2000 में 22.3 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर 2022 में 49.4 प्रतिशत पहुंच गया। इसका मतलब यह है कि हमारी आबादी का 60 प्रतिशत हिस्सा 2030 तक शारीरिक रूप से निष्क्रिय हो जाएगा।वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन(डब्ल्यू एच ओ) के मुताबिक, अगर कोई भी वयस्क हफ्ते में 150 मिनट से कम और किसी किशोर की शारीरिक गतिविधि 60 मिनट से कम है तो उसकी शारीरिक गतिविधि को अपर्याप्त माना जाएगा। ऐसे लोगों को योग और एक्सरसाइज पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

> हालांकि, हमारे देश के प्रधानमंत्री ने साल 2019 में 29 अगस्त को इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'फिट इंडिया कैंपेन' भी लॉन्च किया था। इसका उद्देश्य फिटनेस को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना था, लेकिन हम दैनिक कामकाज में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना ही भूल जाते हैं। यह विडंबना ही है कि स्वस्थ जीवनशैली के अनेक लाभों के बावजूद, वयस्कों का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही ऐसी दिनचर्या का पालन करता है।

डब्लूएचओ की सिफारिश के मुताबिक, सभी वयस्कों के लिए हफ्ते में कम से कम 150 से 300 मिनट की मीडियम एरोबिक एक्टिविटी जरूरी है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि शारीरिक निष्क्रियता वाले वयस्कों में दिल की बीमारियों जैसे दिल का दौरा, स्ट्रोक, टाइप 2 शुगर, मनोभ्रंश और ब्रेस्ट और कोलन कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है। द लैंसेट डायबिटीज एंड एंडोक्रिनोलॉजी जर्नल में प्रकाशित 2023 इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च-इंडिया डायबिटीज (ICMR-INDIAB) के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि 2021 में भारत में 101 मिलियन लोग मधुमेह से पीड़ित थे और उसी वर्ष लगभग 315 मिलियन लोगों को हाई बीपी था। अध्ययन के अनुसार, इसके अलावा 254 मिलियन लोग मोटापे से ग्रस्त हैं तथा 185 मिलियन लोगों में एलडीएल या 'खराब' कोलेस्ट्रॉल का स्तर उच्च है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा शारीरिक निष्क्रियता एशिया-प्रशांत क्षेत्र (48 प्रतिशत) और दक्षिण एशिया (45 प्रतिशत) सामने आई है. अन्य क्षेत्रों में निष्क्रियता का स्तर पश्चिमी देशों में 28 प्रतिशत से लेकर 14 प्रतिशत तक है। रिसर्चर्स का अनुमान है कि यदि ऐसे ही हालात बने रहे तो वो दिन दूर नहीं जब वर्ष 2030 तक करीब 60 प्रतिशत एडल्ट फिजिकली अनफिट हो जाएंगे। रिसर्च में ये भी सामने आया है कि 60 साल की उम्र के महिलाएं और पुरुष शारीरिक गतिविधियों में कम एक्टिव हैं।

इन कारणों से तनाव, उच्च रक्तचाप, मोटापा, हृदय की बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। अंत में यही कहूंगा कि शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की चुनौती लोगों के साथ-साथ सरकारों की भी जिम्मेदारी है। आज स्वास्थ्य, खेल व शिक्षा के बीच समन्वय की आवश्यकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## मध्यप्रदेश सरकार का ऐतिहासिक निर्णय

# MLA का आयकर नहीं भरेगी सरकार!




**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार


> प्रदेश में वेतन तथा भत्ता अधिनियम 1972 में प्रावधान है कि मंत्री, राज्य मंत्री, उपमंत्री या संसदीय सचिव को मिलने वाले वेतन-भत्ते पर आयकर सरकार द्वारा भरा जाएगा। इस सुविधा को बंद करने की मांग अनेक बार उठी है, लेकिन कोई भी मुख्यमंत्री इसे खत्म करने का निर्णय लेने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। मोहन यादव ने इसे नैतिकता की दृष्टि से अनुचित माना और अधिनियम में संशोधन के लिए विधेयक लाने के निर्देश दिए।

मध्यप्रदेश सरकार ने अपने विधायकों के आयकर को नहीं भरने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह निर्णय धन के रूप में उतना बड़ा नहीं है, जितना नैतिक रूप में है। इसी कारण मोहन यादव सरकार के इस फैसले को एक बड़े राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। देखा जाए तो इससे सरकार को कोई बहुत बड़ी आर्थिक बचत होने वाली नहीं है। पिछले साल ही सरकार ने मंत्रियों और विधायकों का कुल 79.07 लाख रुपए आयकर जमा किया है। 1972 में कांग्रेस सरकार ने माननीयों का आयकर सरकारी खजाने से भरने का निर्णय लिया था। उस समय यह निर्णय क्यों लिया गया इसकी पृष्ठभूमि में कोई स्पष्ट कारण नहीं था। हालांकि इससे पहले भी माननीयों के आयकर की प्रतिपूर्ति राज्य शासन के कोषालय से की जाती रही थी।

बीते पांच साल में राज्य सरकार ने अपने माननीयों का 3.24 करोड़ रुपए आयकर के रूप में जमा किए हैं। हैरानी इस पर भी है कि इस तरह की कोई व्यवस्था केंद्र सरकार के सांसद एवं मंत्रियों के लिए नहीं है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति भी अपना आयकर अपने वेतन से जमा करते हैं। हालांकि अब इस दिशा में अन्य राज्य भी पहल कर रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा इसी प्रकृति का निर्णय ले चुके हैं। उत्तर प्रदेश में यही फैसला योगी आदित्यनाथ सरकार पांच साल पहले ले चुकी है। पंजाब ने दो साल पहले इस प्रचलित व्यवस्था को खत्म कर दिया था। बावजूद आंध्रप्रदेश, तेलांगाना, हरियाणा, झारखंड और छत्तीसगढ़ में अभी भी लागू है।

1972 से लेकर 2023-24 तक करोड़ों रुपए माननीयों के आयकर के रूप में सरकार जमा कर चुकी है। इसके प्रति जनसमान अपना आक्रोश बार-बार जताता रहा है। उसका आक्रोश स्वभाविक था, क्योंकि जब मंत्रियों को वेतन भत्ता, आवास एवं वाहन समेत अनेक सुविधाएं सरकार देती है तो फिर जनता के धन से उनका आयकर क्यों भरा जना चाहिए? यह गुस्सा तब और उग्र रूप में दिखाई देता है, जब चुनाव लड़ने के समय आवेदन के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ पत्र में माननीयों की संपत्ति पिछली बार चुनाव लड़ने के समय जताई गई संपत्ति से कई गुना अधिक बढ़ी हुई होती है। यदि धन दौलत में वृद्धि हो रही है तो तब क्या वे अपनी आमदनी पर लगने वाला कर खुद नहीं भर सकते? इस लिहाज से जनता इस निर्णय की खुले मन से प्रशंसा कर रही है। प्रदेश में वेतन तथा भत्ता अधिनियम 1972 में प्रावधान है कि मंत्री, राज्य मंत्री, उपमंत्री या संसदीय सचिव को मिलने वाले वेतन-भत्ते पर आयकर सरकार द्वारा भरा जाएगा। इस सुविधा को बंद करने की मांग अनेक बार उठी है, लेकिन कोई भी मुख्यमंत्री इसे खत्म करने का निर्णय लेने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। मोहन यादव ने इसे नैतिकता की दृष्टि से अनुचित माना और अधिनियम में संशोधन के लिए विधेयक लाने के निर्देश दिए। इस निर्देश के मिलते ही सामान्य प्रशासन विभाग ने तुरंत संशोधन विधेयक का प्रस्ताव तैयार किया और मंत्रिमंडल के समक्ष ऐजेंडे के रूप में प्रस्तुत कर दिया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि जब सभी आयकरदाता अपनी आय का कर स्वयं भरते हैं तो फिर मंत्रियों के लिए अलग से मौजूद इस प्रावधान को समाप्त किया जाना चाहिए। सभी मंत्रियों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जता दी।



हमारे जनप्रतिनिधियों में ऐसे सांसद और विधायक भी शामिल हैं, जिनका करोड़ों-अरबों का सालाना कारोबार है और कुछ ऐसे भी सांसद एवं विधायक हैं, जिनके पास सामंती घरानों के वंशज होने के कारण अरबों की अचल संपत्ति है, जो आमदनी का एक पुख्ता जरिया है। ये सभी प्रतिनिधि राजनीति में आने का कारण समाजसेवा बताते हैं, लेकिन प्रदेश के 29 सांसदों और 230 विधायकों में से एक भी ऐसा नहीं है, जो वेतन-भत्ते न लेता हो? गोया, सवाल उठता है कि विधायक चाहे किसी भी विचारधारा के दल से चुने गए हों, उनका धन के प्रति मोह व लालच एक जैसा है। बहती गंगा में डुबकी लगाने को सब तत्पर हैं। यदि विधायकों के वेतन-भत्तों के साथ घर, दूरभाष, फर्नीचर, हवाई-यात्रा, रेल यात्रा और बिजली पानी की सुविधाएं भी जोड़ ली जाएं तो यह राशि पांच लाख के करीब बैठती हैं। साफ है, अब राजनेता राजनीति में जनसेवा की भावना से काम नहीं कर रहे हैं। जबकि एक समय ऐसा था, जब हमारे सांसद-विधायक नाम मात्र के वेतन-भत्ते व अन्य सुविधाएं लेते थे। साथ ही शिक्षा का स्तर कम होने के बावजूद वे क्षेत्र व राष्ट्र की बुनियादी समस्याओं पर गहरी पकड़ रखते थे, लेकिन अब सांसद व विधायकों का शैक्षिक स्तर तो बढ़ा है, परंतु सदनों में कामकाज के घंटे घटे हैं। अव्वल तो संसद व विधानसभाओं में जरूरी विधेयक पारित ही नहीं हो रहे हैं और जो हो भी रहे हैं, वे बिना किसी बहस-मुबाहिसा के पारित हो रहे हैं। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की सदनों में उपस्थित औपचारिक खानापूर्ति भर रह गई है। इसलिए यह मांग भी उठी थी कि प्रतिनिधियों के अनुपस्थित रहने पर भत्ता काटने के उपाय विधानसभाओं में लागू किए जाएं।

मध्यप्रदेश सरकार 1 जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए करीब साढ़े तीन लाख करोड़ का बजट प्रावधान करने जा रही है। इस लिहाज से माननीयों के आयकर की राशि 79.07 लाख रुपए ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर है। लेकिन यह राशि उनके हित में खर्च की जा रही थी, जिनके लिए इस राशि का कोई महत्व नहीं रह गया है। अतएव होना तो यह चाहिए था कि लाभ पाने वाले प्रतिनिधि इसे समाप्त करने की खुद मांग करते ? इससे जनता में अच्छा संदेश जाता। चलो यह भी अच्छा रहा कि सभी मंत्रियों ने इस प्रस्ताव पर ध्वनिमत से सहमति जताई और प्रस्ताव स्वीकृत हो गया। उक्त राषि छोटी अवष्य है, लेकिन जरूरतमंद गरीबों के बीच जब यह बांटी जाएगी, तब उनके चेहरों पर जो प्रसन्ता उभरेगी वह सरकार के प्रति कृतज्ञता के अनूठे भाव रूप में दिखाई देगी। यदि मोहन यादव सरकार आगे भी ऐसे ही लोकहितैशी कार्य करती है तो उसे अगली कड़ी में सरकारी बंगलों में रहने वाले प्रतिनिधियों के बिजली, पानी के बिलों का भुगतान भी भरना बंद कर देना चाहिए। इससे जनता में अच्छा संदेष जाएगा और उसे लगेगा कि मोहन यादव वाकई लोक-कल्याण की चिंता कर रहे है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# बदलना है तो आईना बदलिए!




**पूरन सरमा**
व्यंग्यकार


आईना बदलने की पुरानी आदत है मेरी। जरा भी ऊक-चूक शक्ल दिखाई दी और मैं चकनाचूर कर देता हूं आईने को। कल जिस आईने को मैंने तोड़ा है वह मेरी मूंछों में असंतुलन बता रहा था। जबकि पत्नी का कहना था कि दोष आईने का नहीं, मेरी नजर का है। मैंने शेव करते समय रेजर को सही नहीं साधा, इसलिए मूंछों की दोनों साइड संतुलित नहीं हैं। पत्नी को पता है दोष आईने पर ही आएगा, इसलिए गाह-बगाहे वह मुझे टोककर वास्तविकता से अवगत कराती रहती है, जबकि मेरा मानना है कि आईना ही गलत होगा तो सारे ऐब सामने आ जाते हैं। ब्रांडेड आईना तक मेरे मामले में विफल रहा है और मैं लगातार आईने बदलता रहा हूं। तीन साल के छोटे से पीरियड में पंद्रह आईने बदलने का नायाब रिकॉर्ड कायम किया है मैंने। आठवें आईने की होनी कैसे अनहोनी में बदल गई, इसकी बात जानिए। इधर मैं आठवां आईना लाया और उधर मैंने शक्ल देखी तो चेहरा सलवटों से भरा और डरावना दिखाई दिया। मेरा आईना मुझे ही डराए, यह मुझे कतई पसंद नहीं है। मैंने आईना कूड़ेदान के हवाले किया तो पत्नी ने फिर समझाया-'आईना झूठ नहीं बोलता। आपकी उम्र ने चेहरे पर सलवटें भर दी हैं और सात दिन से शेव न बना पाने से चेहरे पर डरावनापन आ गया है। इसलिए आईने मत तोड़ो। आईना जैसी शक्ल है, वही तो दिखाएगा। आप आए दिन आईने बदलते रहते हो, यह कोई समाधान नहीं है। खोट किसमें नहीं है। अपने खोट को नजर अंदाज कर आईने तोड़ते जाना बेवकूफी है।' मैंने पत्नी की बात अनसुनी कर दी और ले आया नया आईना।

मेरे एक शुभचिंतक ने तो यहां तक सलाह दी है कि जब मैं आईने आए दिन तोड़ता-बदलता हूं तो आईना रखना ही क्यों न बंद कर दूं? पर मुझे आईना रखना और उसमें अपनी षक्ल देखना इतना जबर्दस्त पसन्द है कि मैं किसी भी कीमत पर इनका परित्याग नहीं कर सकता। बचपन से जो आदत पड़ जाए, वह उम्र के किस पड़ाव पर छूटती है-मैं नहीं जानता। मैं तो इतना सा जानता हूं कि आईना झूठ बोले तो उसे तोड़ दो या बदल दो, लेकिन आईना अपने पास रखो अवश्य। आत्ममुग्ध होने का इससे बेहतर साधन और है भी क्या? मुझे अपनी शक्ल से बेहद मुहब्बत है। मैं आईना में अपनी शक्ल अपने मनपसंद ढंग से देखता हूं और खुश रहता हूं। जिस दिन आईना मुझे चिढ़ाता है, मैं तत्काल आईना बदल देता हूं और फिर आत्ममुग्ध होकर अपने आपको निहारता रहता हूं।

कौन कहता है आईने झूठ नहीं बोलते ! आईने झूठ बोलते हैं, तभी तो बदलता हूं मैं आईने! मैं फुरसत में हूं, मेरे पास पर्याप्त समय है और मैं अपने आप से प्यार करता हूं, इसलिए मुझे हरवक्त चाहिए आईने। मैं अपने आपको नहीं बदलता, बदलता हूं तो केवल आईने बदलता हूं। दस-पंद्रह रूपए के आईने बदलने में फर्क भी क्या पड़ता है? सूरत और सीरत को मत बदलिए, बदलना है तो आईने बदलिए। यही शुभ है।

## नॉलेज कॉर्नर: देश में अगले माह से लागू हो रहे तीन नए कानून

# 1 जुलाई से कहीं भी दर्ज हो सकेगी जीरो FIR

देश में एक जुलाई से तीन नये कानून लागू होने जा रहे हैं। इनमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय साक्ष्य संहिता के लागू होना शामिल है। कानून लागू होने के बाद कहीं जीरो एफआईआर दर्ज कराई जा सकेगी। इसके अलावा हर थाने में एक पुलिस अफसर की नियुक्ति होगी, जिसके पास किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी से जुड़ी हर जानकारी होगी। ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर जीरो एफआईआर होती क्या है और इनमें कौन से नियम लागू होते हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं जीरो एफआईआर के बारे में।

### यह होती है जीरो एफआईआर

जीरो एफआईआर वो एफआईआर है जो किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज की जा सकती है। चाहे अपराध किसी भी स्थान पर हुआ हो या पुलिस स्टेशन का अधिकार क्षेत्र कुछ भी हो। बता दें शून्य एफआईआर नाम शून्य सीरियल नंबर को दर्शाता है। पुलिस इस एफआईआर को शून्य सीरियल नंबर के तहत दर्ज करती है और इसे उस पुलिस स्टेशन को ट्रांसफर करना होता है, जहां इसकी जांच होनी चाहिए या उस पुलिस स्टेशन को जो उस क्षेत्र या अधिकार क्षेत्र में अधिकार रखता हो।




### इनमें होती है दर्ज

दरअसल जीरो एफआईआर दो तरह के मामलों में दर्ज होती है, पहला होता है संज्ञेय अपराध और दूसरा असंज्ञेय अपराध। इनमें असंज्ञेय अपराध मामूली अपराध होते हैं, जैसे मामूली मारपीट जैसी घटनाएं। ऐसे मामलों में सीधे तौर पर एफआईआर नहीं दर्ज की जा सकती, बल्कि शिकायत को मजिस्ट्रेट को रेफर किया जाता है और मजिस्ट्रेट इस मामले में आरोपी को समन जारी कर सकता है। उसके बाद मामला शुरू होता है। यानी ऐसे मामले में चाहे जूरिस्डिक्शन हो या न हो किसी भी हाल में केस दर्ज नहीं हो सकता।

### संज्ञेय मामलों में सीधे FIR

वहीं संज्ञेय अपराध गंभीर किस्म के अपराध होते हैं। ऐसे मामले में गोली चलाना, मर्डर व रेप आदि घटनाएं होती हैं, इनमें सीधे एफआईआर दर्ज की जाती है। सीआरपीसी की धारा-154 के तहत पुलिस को संज्ञेय मामले में सीधे तौर पर एफआईआर दर्ज करना जरूरी होता है।


कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर

X



**द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति
@rashtrapatibhvn

हम सभी को ये हमेशा ध्यान रखना है कि विकसित भारत का निर्माण देश के हर नागरिक की आकांक्षा है, संकल्प है। इस संकल्प की सिद्धि में अवरोध पैदा न हो, ये हम सभी का दायित्व है।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

नए राजस्थान में रचा जा रहा सामाजिक सुरक्षा का नया अध्याय... जो कहा सो किया- प्रदेश सरकार द्वारा एक अप्रैल 2024 से पेंशन राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 1150 रुपए की गई। जिसके अंतर्गत आज झुंझुनू से 88 लाख से अधिक पेंशनधारकों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 1,037 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। प्रदेश के जन-जन के सर्वांगीण उन्नयन हेतु हमारी सरकार संकल्पबद्ध है।

**आपातकाल पर रार:** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के साथ लोकसभा अध्यक्ष से मिले राहुल गांधी, वेणुगोपाल ने लिखा पत्र

# कांग्रेस को नागवार गुजरा इमरजेंसी का जिक्र, बताया- राजनीति से प्रेरित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुधवार को सदन में अपने संबोधन के दौरान आपातकाल का जिक्र किए जाने और उसे काला दिन बताया जाना कांग्रेस को नागवार गुजरा है। कांग्रेस ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई है और इसे संसदीय परंपराओं का मजाक बताया है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को बिरला से मुलाकात की और सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा



लोकसभा में आपातकाल पर की गईं टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताई। राहुल गांधी ने अध्यक्ष द्वारा आपातकाल के जिक्र को स्पष्ट रूप से राजनीतिक करार दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को इससे बचना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष के साथ हुई बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के साथ मुलाकात एक शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान बिरला ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता घोषित किया।

वेणुगोपाल ने बताया कि राहुल गांधी को विपक्ष का नेता चुने जाने के बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की। हमने सदन के संचालन को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की और आपातकाल के मुद्दे पर भी बात हुई। विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आपातकाल पर बयानबाजी को नजरअंदाज किया जा सकता था।

### वेणुगोपाल ने कहा-स्पीकर का भाषण चौंकाने वाला

वेणुगोपाल ने बिरला को एक पत्र लिखा जिसमें कहा, मैं यह पत्र संसद की संस्था की विश्वसनीयता पर प्रभाव डालने वाले एक बहुत ही गंभीर मामले के संदर्भ में लिख रहा हूं। कल यानी 26 जून, 2024 को, लोकसभा अध्यक्ष के रूप में आपके चुनाव पर बधाई देने के समय, सदन में सामान्य सौहार्द था। हालांकि, उसके बाद आधी सदी पहले आपातकाल की घोषणा के संबंध में आपका भाषण बेहद चौंकाने वाला है। वेणुगोपाल ने आगे लिखा, अध्यक्ष की ओर से इस तरह का राजनीतिक संदर्भ देना संसद के इतिहास में अभूतपूर्व है। एक नव-निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा इस तरह के संदर्भ (आपातकाल ) का जिक्र करना व भाषण देना और भी गंभीर है। मैं राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से संसदीय परंपराओं के इस उपहास पर अपनी गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त करता हूं।

### ये नेता भी थे राहुल के साथ

लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में कार्यभार संभालने के बाद राहुल गांधी की लोकसभा अध्यक्ष बिरला के साथ यह पहली बैठक थी। राहुल गांधी के साथ सपा के धर्मेंद्र यादव, द्रमुक की कनिमोझी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले और तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी के अलावा कुछ अन्य लोग भी थे।

### येदियुरप्पा के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दायर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों की जांच कर रहे अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने पॉक्सो मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत में गुरुवार को आरोप-पत्र दायर किया। इस साल मार्च में सदाशिवनगर पुलिस ने येदियुरप्पा के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया था। इसके बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने इस मामले को आगे की जांच के लिए CID को सौंपने का आदेश जारी किया था। मामला एक नाबालिग लड़की की मां के शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि येदियुरप्पा ने इस साल दो फरवरी को अपने आवास पर एक बैठक के दौरान उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की। हालांकि, येदियुरप्पा ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को खारिज कर दिया था।

### प.बंगाल: शपथ ग्रहण को लेकर बढ़ी तकरार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तकरार बढ़ती जा रही है। गुरुवार को नवनिर्वाचित टीएमसी विधायकों सयांतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार ने विधानसभा परिसर में मौजूद डॉ. बी आर अंबेडकर की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन शुरू किया। दोनों विधायक हाल ही में हुए उपचुनाव में जीते हैं। विधायकों की मांग है कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस उन्हें जल्द विधानसभा में शपथ दिलाने का इंतजाम करें ताकि वह अपने जनप्रतिनिधि के कर्तव्य को पूरा कर सकें। दोनों को बुधवार को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।

**संसद सत्र:** खरगे के आवास पर विपक्षी गठबंधन की बैठक, रणनीति तय

# NEET पर सरकार को घेरेगा विपक्ष, स्थगन प्रस्ताव संभव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

संसद सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की जाएगी। इन सबके बीच विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सत्ताधारी राजग को घेरने के लिए रणनीति बनाई है। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं की बैठक में रणनीति तय की गई। सूत्रों के अनुसार मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट) और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विपक्ष संसद के दोनों सदनों में खास चर्चा चाहता है। इसके लिए विपक्ष संसद में स्थगन प्रस्ताव लाएगा। वहीं, बताया जा रहा है कि सरकार भी इस मामले पर सवालों के जवाब देने के लिए तैयार है।

इस बैठक में इंडिया के नेताओं ने तय किया कि वो शुक्रवार को संसद में नीट मुद्दे पर चर्चा की मांग करेंगे। अगर इस मुद्दे पर चर्चा की अनुमति नहीं दी गई तो गठबंधन के नेता सदन के अंदर विरोध प्रदर्शन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान विपक्ष के नेताओं ने सोमवार से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग लेने का भी फैसला किया है। बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस महासचिव(संचार) जयराम रमेश ने कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। संसद में सभी मुद्दों पर बहस होगी, चाहे राष्ट्रपति का अभिभाषण हो या स्पीकर का चुनाव हो।



### अग्निवीर, महंगाई व एमएसपी के मुद्दों को उठाएगा विपक्ष: बेनीवाल

इस बैठक में शामिल राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल ने कहा, विपक्ष एकजुट है और वह संसद में नीट, अग्निवीर, महंगाई, बेरोजगारी और एमएसपी के मुद्दे को उठाएगा। उन्होंने ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। दो-दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। सांसद, मंत्री जेल में हैं. ईडी और सीबीआई का जो दुरुपयोग हो रहा है उसको लेकर हम भाजपा को घेरेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार विपक्ष मजबूत है और इस बार इनको मजबूती दिखाएंगे।

### क्या होता है स्थगन प्रस्ताव

संसद में स्थगन प्रस्ताव किसी सार्वजनिक महत्व के मामले की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करने के लिए पेश किया जाता है। इसे स्वीकार करने के लिए 50 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होती है। इसे संसदीय कार्यवाही के महत्वपूर्ण कार्यों में से एक कहा जा सकता है। दूसरे शब्दों में कहें तो स्थगन प्रस्ताव एक असाधारण प्रक्रिया है, जिसे स्वीकार किए जाने पर सदन के सामान्य कामकाज को स्थगित करके तत्काल सार्वजनिक महत्व के किसी निश्चित मामले पर चर्चा की जाती है।

### इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सदन में नेता नियुक्त

लोक सभा में विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के फ्लोर लीडर्स (सदन में पार्टी के नेता)की नियुक्ति की गई है। इंडिया गठबंधन की 20 पार्टियों के फ्लोर लीडर्स बनाए गए हैं। असल में फ्लोर लीडर्स स्पीकर के साथ होने वाली बैठक में हिस्सा लेते हैं। इसके अलावा आपस में बेहतर तालमेल के लिए भी काम करते हैं। सभी फ्लोर लीडर्स लोक सभा में विपक्ष की साझा रणनीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी उनके साथ केसी वेणुगोपाल और गौरव गोगोई हैं, तो समाजवादी पार्टी के फ्लोर लीडर अखिलेश यादव रहेंगे। टी आर बालू डीएमक ,सुदीप बंदोपाध्याय टीएमसी, अरविंद सावंत, शिवसेना यूबीटी, सुप्रिया सुले एनसीपी (शरद पवार) तथा मियां अल्ताफ अहमद जेके नेशनल कांफ्रेंस के फ्लोर लीडर होंगे। वहीं, के राधाकृष्णन सीपीएम, ई टी मोहम्मद बशीर आईयूएमएल, सुबारायन के सीपीआई, एन के प्रेमचंद्रन आरएसपी, विजय कुमार हंसडक जेएमएम, डॉ टी थोल्काप्पियन वीसीके, फ्रांसिस जॉर्ज केईसी , गुरमीत सिंह मीत हायर आम आदमी पार्टी, सुरेंद्र प्रसाद यादव आरजेडी, डी वायको एमडीएमके, राजा राम सिंह सीपीआईएमएल, राजकुमार रोत बाप और हनुमान बेनीवाल एनएलपी के फ्लोर लीडर बनाए गए हैं।

**आप सांसद** संजय सिंह का निलंबन समाप्त

## विशेषाधिकार समिति ने 12 सांसदों को ठहराया दोषी, चेतावनी दी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह सहित 12 विपक्षी सांसदों को पिछले साल अगस्त में सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए आपत्तिजनक आचरण का दोषी ठहराया और उन्हें भविष्य में इस तरह के व्यवहार से दूर रहने के लिए आगाह किया। विशेषाधिकार समिति ने गुरुवार को संसद के उच्च सदन में रिपोर्ट पेश की। समिति ने आप सांसद संजय सिंह को सभापति के निर्देशों की अवहेलना करने का दोषी ठहराया। समिति ने इस मामले में संजय सिंह की माफी स्वीकार की और माना कि उन्हें मिली सजा पर्याप्त है। इसने आप सांसद के निलंबन को भी रद्द करने की सिफारिश की। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा,संजय सिंह, शक्तिसिंह गोहिल, सुशील कुमार गुप्ता, संदीप कुमार पाठक, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देवी नेताम, जेबी माथेर हिशाम, रंजीत रंजन और इमरान प्रतापगढ़ी को भविष्य में इस तरह के आचरण से बचना चाहिए।



### पिछले साल निलंबित हुए थे

आप सांसद को 24 जुलाई, 2023 को एक प्रस्ताव के जरिए सदन से निलंबित किया गया था। उन पर जानबूझकर स्पीकर के निर्देशों की अवहेलना करने, बार-बार सदन के नियमों का उल्लंघन करने और सदन के नेता पर आरोप लगाकर विशेषाधिकार का उल्लंघन करने का आरोप लगा था।

### इन सांसदों को ठहराया गया दोषी

समिति ने कहा कि संजय सिंह, शक्ति सिंह गोहिल, सुशील कुमार गुप्ता, संजीव कुमार पाठक नारणभाई जे. राठवा, ए हनुमनथैया, सैयद नासिर हुसैन, कुमार केतकर, फूलो देवी नेताम, जेबी माथेर हिशाम, रंजीत रंजन और इमरान प्रतापगढ़ी को विशेषाधिकार के गंभीर उल्लंघन और राज्यसभा की अवमानना का दोषी ठहराया जाता है। समिति ने कहा कि कुमार केतकर, नारणभाई जे. राठवा और एल हनुमनथैया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। वे अब सदन की सदस्यता से सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

**कर्नाटक में वोक्कालिगा संत की अपील**

## सिद्धारमैया पद छोड़ें, शिवकुमार को बनाएं CM

**एजेंसी** | बेंगलुरु

सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर जारी सत्ता संघर्ष के बीच वोक्कालिगा समुदाय से संबंध रखने वाले एक महंत ने सार्वजनिक रूप से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से पद छोड़ने और राज्य के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को सत्ता सौंपने का आग्रह किया। महंत की यह अपील ऐसे समय में आई है, जब सिद्धारमैया मंत्रिमंडल में तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग बढ़ रही है। मांग की जा रही है कि वीरशैव-लिंगायत, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों से एक-एक उपमुख्यमंत्री बनाया जाए। विश्व वोक्कालिगा महासमस्तन मठ के महंत कुमार चंद्रशेखरनाथ स्वामी ने बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में शिवकुमार के पक्ष में आवाज उठाई। ज्ञात रहे कि शिवकुमार वोक्कालिगा समुदाय से हैं। यह समुदाय राज्य के दक्षिणी भागों में एक प्रमुख समुदाय है। चंद्रशेखरनाथ स्वामी ने कहा,राज्य में हर कोई मुख्यमंत्री बन गया है और सत्ता का सुख सभी ने भोगा है, लेकिन हमारे डी के शिवकुमार अभी तक मुख्यमंत्री नहीं बन पाए हैं, इसलिए अनुरोध है कि सिद्धारमैया कृपया हमारे डी के शिवकुमार को सत्ता सौंप दें और उन्हें आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा, सिद्धारमैया अगर मन बना लें तो ही यह संभव है, अन्यथा नहीं, इसलिए 'नमस्कार' के साथ मैं सिद्धारमैया से अनुरोध करता हूं कि वह डी.के. शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाएं।

### जो आलाकमान कहेगा, उसका पालन करेंगे : सिद्धारमैया



सिद्धारमैया ने बाद में संवाददाताओं से बातचीत में महंत की अपील के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा, कांग्रेस में आलाकमान होता है और जो भी आलाकमान कहेगा, हम उसका पालन करेंगे। शिवकुमार ने कहा, बातें कही जा चुकी हैं... हम दोनों (वह और सिद्धरमैया) राज्य की परियोजनाओं के संबंध में राज्य के सांसदों से चर्चा करने के लिए नई दिल्ली जा रहे हैं।

**बिहार भाजपा में खींचतान के कयास**


## प्रदेश अध्यक्ष पद पर आयातित नेता बर्दाश्त नहीं: अश्विनी कुमार चौबे

- CM का चेहरा चुनाव के बाद तय होगा

**एजेंसी** | भागलपुर (बिहार)

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने गुरुवार को स्पष्ट कर दिया कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद ही मुख्यमंत्री का चेहरा तय होगा। इसके साथ ही उन्होंने

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का नाम लिए बिना कहा कि अध्यक्ष पद पर आयातित नेता उन्हें बर्दाश्त नहीं है। संगठन के मूल व्यक्ति को ही जिला से राष्ट्रीय स्तर तक अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। बता दें कि सम्राट चौधरी भाजपा से पहले लालू यादव की आरजेडी में रह चुके हैं। चौबे के इस बयान से यह कयास शुरू हो गए हैं कि सम्राट चौधरी के खिलाफ पार्टी के अंदर विरोध बढ़ता जा रहा है। चौबे ने कहा, मेरी इच्छा है और मैंने पार्टी नेतृत्व से भी कहा है कि बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बननी चाहिए। पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा अकेले अपने दम पर सत्ता में आए और अपने सहयोगियों को भी आगे ले जाए। इसके लिए हर कार्यकर्ता को अभी से काम पर लग जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी कई बार यह बात कह चुके हैं कि राज्य विधानसभा का चुनाव भाजपा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगी।



**महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र**

# लिफ्ट में मिले तो बात हुई, अटकलों की हवा चली और विराम भी लग गया

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा का मानसून सत्र का गुरुवार को पहला ही दिन हंगामेदार रहा। विपक्ष ने सदन में तीखे हमले बोले तो शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे सदन के बाहर भी हमलावर नजर आए। उन्होंने कहा कि अब इस सरकार को लोग टाटा, बाय-बाय कह रहे हैं। लेकिन सदन की बैठक के पहले दिन सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है उद्धव ठाकरे और देवेंद्र फडणवीस की मुलाकात की और फिर बात करते हुए उनका सदन में प्रवेश करना। दरअसल दोनों नेता जब विधानसभा जा रहे थे, तो वहां लिफ्ट के बाहर दोनों आमने-सामने आ गए। फिर दोनों की बातें भी हुईं और वे चर्चा करते हुए साथ ही सदन के अंदर तक गए। इसका जब वीडियो वायरल हुआ तो सियासी अटकलों का दौर शुरू हो गया है।

हालांकि, ठाकरे ने बाद में इन अटकलों पर यह कहते हुए विराम लगा दिया कि कुछ लोगों को लग रहा है कि यह मुलाकात 'ना ना करते प्यार तुम्हीं से कर बैठे' जैसी है, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक अप्रत्याशित मुलाकात थी। उद्धव ठाकरे ने मीडिया से बातचीत में मजाकिया अंदाज में कहा कि अब से हम अपनी सभी गुप्त बैठकें लिफ्ट में करेंगे। ऐसा कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह एक अप्रत्याशित मुलाकात थी। जैसा दिखाया और बताया जा रहा है, ऐसा कुछ भी नहीं है। इन बातों में कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से महाराष्ट्र तक लीकेज वाली ही सरकार है। नीट का पेपर लीक हुआ। इसके बाद अयोध्या के राम मंदिर में भी लीकेज की खबर है। ज्ञात रहे कि मीडिया में इस तरह की खबरे आई थी कि अयोध्या में राम मंदिर की ऊपरी मंजिल पर अभी काम बाकी होने के चलते नीचे एक जगह बौछार से पानी आ गया था। इसी को लेकर उद्धव ठाकरे ने यह तंज कसा है। यह पूछे जाने पर कि विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी की ओर से सीएम का चेहरा कौन होगा तो उन्होंने कहा कि पहले एनडीए बता दे कि उनकी फेल सरकार का चेहरा किसे माना जाए।



### यह हुआ था

लिफ्ट में अचानक मिले उद्धव ठाकरे व देवेंद्र फडणवीस, बात करते हुए सदन में पहुंचे। यह बोले उद्धव ठाकरे

- दिल्ली से महाराष्ट्र तक लीकेज वाली सरकार
- महाराष्ट्र सरकार के लिए कहा- इस सरकार को लोग टाटा, बाय-बाय कर रहे हैं

### किसानों के लोन माफ किए जाएं

ठाकरे ने मांग की कि राज्य में किसानों के लोन माफ हो जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हर दिन 9 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। मैंने महाविकास अघाड़ी सरकार बनने पर 2 लाख रुपए तक के कृषि कर्ज माफ कर दिए थे। अब इस डबल इंजन सरकार को तत्काल कदम उठाना चाहिए। इसके अलावा विधानसभा चुनाव से पहले इसे लागू भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि सरकार मध्य प्रदेश की तरह ही यहां लाडली बहना योजना लाने वाली है। यदि ऐसी कोई स्कीम लानी है तो फिर लड़कों के लिए भी होनी चाहिए।

### विस चुनाव में कड़ी टक्कर की संभावना

साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विस के चुनाव से पहले सदन का यह सत्र आखिरी सत्र है। लोकसभा चुनाव में एमवीए ने भाजपा शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के सत्तारूढ़ गठबंधन को मात दी है। जिसके बाद विस चुनाव में कड़ी टक्कर होने की संभावना है। लोकसभा चुनाव में एमवीए ने राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से 30 और राजग ने 17 सीटें जीतीं थी। पिछले दो वर्षों में राज्य में दो प्रमुख राजनीतिक ताकतों में विभाजन की पृष्ठभूमि में आगामी विस चुनाव महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

## जरूरी खबर

### अभ्यास का सफल परीक्षण, टारगेट के रूप में होगा उपयोग



**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने उड़ीसा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट 'अभ्यास' के लगातार छह और परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही अभ्यास के सिस्टम के दस परीक्षण सफल परीक्षण पूरे हो गए। अभ्यास एक ड्रोन है जिसे कई मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन के लिए एक लक्ष्य के रूप में उपयोग किया जाएगा। वहीं आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग नकली विमान के रूप में किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि आधे घण्टे के अंतराल में एक के बाद एक दो प्रक्षेपण किए गए।

### पेरिस ओलंपिक में होगा रिलायंस का इंडिया हाउस




**नई दिल्ली।** रिलायंस फाउंडेशन ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में देश का पहला 'इंडिया हाउस'स्थापित किया है। इंडिया हाउस, पेरिस के प्रतिष्ठित पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। पार्क में इंडिया हाउस के अलावा नीदरलैंड, कनाडा, ब्राजील और मेजबान फ्रांस समेत 14 देशों के कंट्री हाउस भी होंगे। आईओसी सदस्या और रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर व चेयरपर्सन नीता एम.अंबानी ने इंडिया हाउस पर कहा, पेरिस ओलंपिक खेलों में इंडिया हाउस एक ऐसा स्थान होगा जहां हम अपने एथलीटों का सम्मान करेंगे।

### मणिपुर में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के पूर्वी इंफाल और बिष्णुपुर जिलों के कुछ हिस्सों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया। तलाशी के दौरान 11 ग्रेनेड, छह आईईडी, पांच 303 राइफल्स, तीन डेटोनेटर, एक कार्बाइन, एक हैंडगन, विभिन्न प्रकार के बम, गोला-बारूद और चार वॉकी-टॉकी पाए गए। राज्य पुलिस ने एक बयान कहा कि पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलासी अभियान चलाया गया।

## संसद परिसर में राष्ट्रपति का स्वागत... दी गई सलामी



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति का संसद पहुंचने पर विधिवत स्वागत किया गया और उन्होंने सलामी गारद का निरीक्षण भी किया।*

## धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी रिपोर्ट खारिज

**नई दिल्ली।** अमेरिका अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने एक रिपोर्ट जारी कर भारत में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर कुछ आरोप लगाए थे। इन आरोपों को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब भारतीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन ने अमेरिकी विदेश विभाग की इस रिपोर्ट की कड़ी निंदा की है। आईएमएफ का कहना है कि यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट में भारत को अफगानिस्तान, क्यूबा, उत्तर कोरिया, रूस और चीन जैसे तानाशाही शासनों के साथ रखने की कोशिश की गई है। इस तरह से भारत के लोकतांत्रिक ढांचे, नागरिक समाज और बहुलवादी इतिहास की अनदेखी की गई है। इस गलत चित्रण के माध्यम से भारत के धार्मिक स्वतंत्रता परिदृश्य की समझ को कमजोर करने की कोशिश की गई है। अमेरिका ने इस रिपोर्ट 26 जून को जारी किया था। भारत पर अमेरिकी विदेश विभाग की धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पर ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के अध्यक्ष सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने भी पलटवार किया है।

### राष्ट्रपति का अभिभाषण, इमरजेंसी के जिक्र पर विपक्ष का शोर-शराबा

# पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों को मिलेगी सजा

**एजेंसी** | नई दिल्ली



केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई राजग सरकार के गठन के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों की बैठक को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा कि पूरी दुनिया में भारत के लोकसभा चुनाव की चर्चा हो रही है। ये 18वीं लोकसभा भारत की नई ऊंचाई की गाथा लिखेगी। उन्होंने सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार पेपर लीक (NEET Paper leak 2024) मामले की निष्पक्ष जांच करेगी और पेपर लीक इसके दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी।

हालांकि, राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने कुछ विषयों पर सदन के अंदर शोर मचाकर अपनी असहमति भी दर्ज कराई। राष्ट्रपति ने जैसे ही अभिभाषण में आपातकाल के दौर का जिक्र किया तो विपक्षी सांसदों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी तरह पेपर लीक मामले में भी विपक्षी सदस्यों शोर मचाना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने विवादास्पद सीएए का उल्लेख किया और कहा कि मोदी सरकार ने इस अधिनियम के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। उन्हें भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करके विभाजन के कारण पीड़ित कई परिवारों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित किया है।



" राष्ट्रपति के, मोदी सरकार लिखित अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनाव के जनादेश को नकारने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि मोदी राष्ट्रपति से 'झूठ बुलवाकर' अपनी वाहवाही करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि जनता उन्हें नकार चुकी है। **मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**



" भारत के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कहानी बताई जा रही है... क्या उसने हमारे किसानों को समृद्ध बनाया है? अगर हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, तो इतने सारे युवा बेरोजगार क्यों हैं? अग्निवीर जैसी योजना क्यों है? महंगाई पर नियंत्रण क्यों नहीं किया जा सकता? **अखिलेश यादव, सपा नेता**

### इन अहम मसलों का राष्ट्रपति ने किया जिक्र

राष्ट्रपति का अभिभाषण करीब 50 मिनट चला और इस दौरान उन्होंने अपने भाषण में हर मुद्दे पर बात की। उन्होंने सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां भी बताईं। उन्होंने पूर्वोत्तर में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा, अगले बजट सत्र में बड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताया तथा कहा कि देश ने इस हमले से उबरकर दिखाया। उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के बारे में बात की। उन्होंने चुनाव आयोग की तारीफ की, वहीं जीएसटी को भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया।

### इमरजेंसी में संविधान पर हुआ हमला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने भाषण में इमरजेंसी का जिक्र किया। जब संविधान बनाया जा रहा था तब भी दुनिया में ऐसी ताकतें थीं जो भारत के असफल होने की कामना कर रही थीं। देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर अनेक बार हमले हुए। आज 27 जून है। 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था। लेकिन ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय प्राप्त करके दिखाया। क्योंकि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं।

### संसद का सुचारू रूप से चलना अहम

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, नीतियों का विरोध करना और संसदीय कामकाज में बाधा डालना दो अलग-अलग बातें हैं। जब संसद का कामकाज सुचारू रूप से चलता है, तो वहां स्वस्थ विचार-विमर्श होता है और दूरगामी फैसले लिए जाते हैं, जो लोगों का न सिर्फ सरकार में बल्कि पूरी व्यवस्था में विश्वास बढ़ता है। इसलिए मुझे विश्वास है कि संसद के प्रत्येक क्षण का पूरा उपयोग किया जाएगा और जनहित को प्राथमिकता दी जाएगी।

### बुलेट ट्रेन के लिए होगा अध्ययन

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने देश के उत्तर, दक्षिण और पूर्व में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए व्यवहार्यता अध्ययन कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद और मुंबई के बीच हाई-स्पीड रेल इकोसिस्टम पर भी काम तेजी से चल रहा है। 508 किलोमीटर लंबा अहमदाबाद-मुंबई हाई-स्पीड कॉरिडोर देश का पहला ऐसा कॉरिडोर है, जिस पर बुलेट ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलेगी और सूरत, वडोदरा और अहमदाबाद में सीमित ठहराव के साथ पूरी दूरी मात्र 2 घंटे 7 मिनट में तय करेगी।

### वर्तमान समय भारत के लिए हर तरह से अनुकूल

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, वर्तमान समय भारत के लिए हर तरह से अनुकूल है। आने वाले वर्षों में सरकार और भारत की संसद द्वारा लिए गए निर्णयों और बनाई गई नीतियों पर पूरी दुनिया की नजरें रहेंगी। यह सुनिश्चित करना सरकार के साथ-साथ प्रत्येक सांसद की जिम्मेदारी है कि इस अनुकूल समय का देश को अधिकतम लाभ मिले।

### नीट यूजी पेपर लीक मामला

## CBI ने दो आरोपियों को बिहार से किया अरेस्ट

**एजेंसी** | पटना



नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की टीम ने पहली गिरफ्तारी कर ली है। सीबीआई की टीम ने पटना से दो लोगों को हिरासत में लिया था। दोनों ही आरोपियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, जांच एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में जांच एजेंसी आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार को बिहार के पटना स्थित सीबीआई कार्यालय लेकर भी पहुंची थी। इसके बाद दोनों को पटना की विशेष सीबीआई अदालत ने सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मनीष कुमार और आशुतोष कुमार ने कथित तौर पर परीक्षा से पहले उम्मीदवारों को सुरक्षित परिसर उपलब्ध कराया था। जहां उन्हें लीक हुए पेपर और उत्तर कुंजी दी गई थी। और उसे हल कराया गया।इससे पहले सीबीआई की टीम ने हजारीबाग में कई जगहों पर जांच की थी। सीबीआई की टीम ने एसबीआई बैंक जाकर जांच की थी। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले और वहां के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की थी। बता दें कि नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने छह एफआईआर दर्ज की हैं। नीट-यूजी का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किया जाता है।

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा...

## राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने गुरुवार को न्यायपालिका में विधायिका के किसी भी दखल की आशंका को खारिज किया।

उन्होंने कहा कि न्यायाधीश के रूप में अपने 24 साल के कार्यकाल में उन्हें कभी किसी सरकार से किसी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। यह बात उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनियन की ओर से आयोजित सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में कही। सीजेआई ने कहा, भारत में न्यायाधीशों को विवादों पर इस तरह से फैसला करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है कि अदालतें मौजूदा भावनाओं के विपरीत संवैधानिक परंपराओं के आधार फैसले ले सकें। राजनीतिक दबाव के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे सरकार के दबाव के अर्थ में पूछ रहे हैं, तो मैं आपको बताता हूं कि बीते चौबीस वर्षों से जब से मैं न्यायाधीश रहा हूं, मैंने कभी भी राजनीतिक दबाव का सामना नहीं किया है।

### इसरो एक और इतिहास रचने की तैयारी में जुटा

# दो हिस्सों में लॉन्च होगा चंद्रयान-4, अंतरिक्ष में ही जोड़े जाएंगे दोनों हिस्से

**एजेंसी** | नई दिल्ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-3 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतारकर इसरो पहले ही इतिहास रचने के बाद अब चंद्रयान-4 के प्रक्षेपण की तैयारी में जुट गया है। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा है कि चंद्रयान-4 को एक बार में नहीं, बल्कि दो हिस्सों में अलग-अलग रॉकेट लॉन्च करके अंतरिक्ष की कक्षा में भेजा जाएगा। फिर अंतरिक्ष में ही इन दोनों भागों को जोड़कर चंद्रयान-4 को पूरा बनाया जाएगा और उसके बाद ही वह चांद की ओर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हो जाता है तो संभवतः यह दुनिया में पहली बार होगा और चांद पर पहुंचने से पहले ही इसरो इतिहास रच देगा। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-4 का मुख्य लक्ष्य चांद से मिट्टी के नमूने लेकर आना है। भारत का चौथा मून मिशन 2028 के आस-पास लॉन्च हो सकता है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इसरो चीफ ने दिल्ली में बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हमने चंद्रयान-4 की रूपरेखा तैयार कर ली है। चूंकि अभी हमारे पास इतने ताकतवर रॉकेट नहीं है कि सब कुछ एक साथ ले जा सके, इसलिए हम इसे कई बार में लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं।

### अलग-अलग हिस्सों को जोड़ने की क्षमता करेंगे विकसित

सोमनाथ ने कहा कि, हमें अंतरिक्ष में ही यान के अलग-अलग हिस्सों को जोड़ने की क्षमता (डॉकिंग) विकसित करनी होगी। ये जोड़ने की क्षमता पृथ्वी की कक्षा में भी और चांद की कक्षा में भी काम करेगी। हम इसी क्षमता को विकसित कर रहे हैं। इस साल के अंत में स्पेडेक्स नाम का एक मिशन है जिसका मकसद यही डॉकिंग क्षमता को प्रदर्शित करना है। सोमनाथ ने डॉकिंग के बारे में बताते हुए कहा, चांद से वापसी के दौरान अंतरिक्ष यान के विभिन्न भागों को जोड़ना एक सामान्य सी प्रक्रिया है। यान का एक हिस्सा मुख्य यान से अलग होकर चांद पर उतरता है, जबकि दूसरा हिस्सा चांद की कक्षा में ही रहता है। जब उतरने वाला हिस्सा चांद की सतह से वापस आता है, तो ये दोनों हिस्से फिर से जुड़ जाते हैं और एक हो जाते हैं। स्पेडेक्स (अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग) मिशन इसी क्षमता को दिखाने का उनका पहला मौका होगा।

**सरकार को जल्द भेजा जाएगा प्रस्ताव**

सोमनाथ ने बताया कि चंद्रयान-4 मिशन के लिए विस्तृत अध्ययन, आंतरिक समीक्षा और लागत का आकलन पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही स्वीकृति के लिए सरकार के पास भेजा जाएगा। यह उन चार प्रोजेक्ट प्रपोजल्स में से एक है जिनके लिए अंतरिक्ष विभाग अपनी विजन 2047 के तहत स्वीकृति लेना चाहता है। इस विजन के तहत भारत का लक्ष्य 2035 तक अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाना और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को भेजना है।

### अंतरिक्ष स्टेशन बनाने में भी इसी तकनीक का होगा उपयोग

देश के अपने अंतरिक्ष स्टेशन को बनाने में भी इसी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा यानी उसके हिस्सों को एक बार में नहीं, बल्कि कई बार में भेजा जाएगा। उन हिस्सों को अंतरिक्ष में ही जोड़कर अंतरिक्ष स्टेशन बनाया जाएगा। देश के अपने अंतरिक्ष स्टेशन का नाम भारत अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) होगा। सोमनाथ ने बताया, चूंकि अभी हमारे पास सिर्फ एलएमवी3 रॉकेट ही है, तो अंतरिक्ष स्टेशन का पहला भाग इसी रॉकेट से लॉन्च किया जा सकता है। हमने 2028 तक अंतरिक्ष स्टेशन का पहला लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि बीएएस के दूसरे भागों की जानकारी बाद में तय की जाएगी। उन्होंने कहा, हमारे पास 5 भागों वाला एक खाका है, इसको बनाने के लिए कई समितियां काम कर रही हैं।

**'पावर ऑफ पंचम ए मैजिकल ट्रिब्यूट' में आयोजित हुई संगीत की अनूठी शाम**

# सजा RD बर्मन के संगीत का गुलिस्तां टॉक शो में बयां हुई लीजेंड की जीवनी

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर के मंच पर जो शब्द महान संगीतकार के लिए बोले गए, उन्हीं शब्दों को गाने का रूप देते हुए संगीत सजाया गया। साथ ही संगीतकार को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। जैसे-जैसे संगीतकार की जीवनी शब्दों के जरिए बयां होती गई वैसे-वैसे वही शब्द गाने का रूप लेते गए। ये अनूठा संगीत प्रोग्राम जयपुर में पहली बार देखने व सुनने को मिला। मौका था आरडी बर्मन को ट्रीब्यूट देने के लिए हुई पावर ऑफ पंचम ए मैजिकल इवनिंग का, जिसके जरिए संगीतकार स्वर्गीय आरडी बर्मन की 85वीं बर्थ एनिवर्सरी पर किशोर सरावगी व आर्किटेक्ट धीरज झामरिया ने उनको सम्मान दिया। दोनों गीत-संगीत से भरी शाम लेकर आए और बर्मन पर टॉक शो आयोजित किया। महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में इस अनूठी शाम के सैकड़ों लोग गवाह बने और देर तक बर्मन के गीतों को एंजॉय किया।







### इन्होंने सजाई संगीत भरी शाम

इस दौरान जयपुर के कलाकार ममता, प्रिया बोथरा, कोपल माथुर, अनुराधा माथुर, किशोर सरावगी और धीरज झामरिया ने पंचम द्वारा संगीतबद्ध गीतों की प्रस्तुति देकर संगीत प्रेमियों को मुग्ध कर दिया। प्रोग्राम का संचालन अंकिता सोमानी जैन ने किया तो रवि तिलवानी व ग्रुप ने संगीत संचालन किया।




### बर्मन की संगीत यात्रा पर चर्चा

कार्यक्रम में विविध भारती के रेडियो जॉकी यूनुस खान और जयपुर के आर्किटेक्ट संजय कोठारी आरडी के गीतों और उनकी जीवन संगीत यात्रा पर चर्चा की। इस दौरान आर डी के फेंस और संगीत प्रेमी उपस्थित रहे, जिन्होंने इंटरेक्ट करते हुए जिज्ञासा शांत की। दोनों ने बर्मन की जीवनी और उनके संगीत सफर को जयपुर के मंच पर उतारा और उनकी संगीत शैली पर बात की। इस दौरान बर्मन के कई किस्से-कहानियां सामने आईं, जिनके बारे में बहुत कम लोग जानते थे।

## MSME का बड़ा योगदान



**बेधड़क. जयपुर।** एमएसएमई डे के मौके पर 22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमएसएमई कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएसएमई पीसीआई स्टेट चैयरमेन सुमंत सिंह जागावत रहे। साथ ही वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के सहायक निदेशक डायरेक्टर नवनीत अग्रवाल, एमएसएमई सहायक निदेशक संजय मीणा, मधुकर शर्मा और जितेंद्र मीणा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि जागावत ने कहा कि प्रधानमंत्री का ख्वाब है कि देश में हर व्यक्ति को रोजगार मिले और एमएसएमई प्रधानमंत्री के ख्वाब को पूरा करने का काम कर रहा है। हमारी टीम प्रदेश के गांव-ढाणी तक केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचा रही है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार में मदद दिलाने का काम किया जा रहा है। 2047 में भारत को विकसित बनाने में एमएसएमई का बड़ा योगदान होगा।

## शांतिसागर की जयंती मनाई

**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर के सानिध्य में आचार्य शांति सागर का जयंती दिवस नमोस्तु, नमोस्तु, नमोस्तु का जाप करते हुए मनाया गया। इस मौके पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें अर्घ्य समर्पित किया गया। साथ ही प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि आचार्य सिद्धांत सागर की ओर से मुंबई में दीक्षित संघस्थ मुनि संदेश सागर ने अपने दीक्षा दिवस पर गुरु आचार्य शशांक सागरजी पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रबंध समिति, महिला मंडल व युवा मंच के साथ श्रद्धालुओं ने पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट कर दीक्षा दिवस मनाया गया।

## जैन मंदिरों में धार्मिक आयोजन



**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासू पूज्य का गर्भ कल्याणक महोत्सव व 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव जयपुराइट्स ने मनाया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के आयोजन हुए और निर्वाणोत्सव मनाया गया। सुबह मंत्रोच्चार के साथ वासू पूज्य व विमलनाथ भगवान के जलाभिषेक व पंचामृत अभिषेक किए गए। इसके बाद शांति धारा की गई। भगवान वासू पूज्य की अष्ट द्रव्य से पूजा करते हुए गर्भ कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। भगवान विमलनाथ की पूजा की जाकर पूजा के दौरान मोक्ष कल्याणक अर्घ्य व निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस मौके पर खो नागोरियान स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथजी की खोह में पूजा हुई।

# City इवेंट्स

### जयपुराइट्स को शिव तांडव का तोहफा




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स के लिए प्रोड्यूसर अश्विन महाराज कुछ नया करते हुए शिव भक्तों के लिए शिव तांडवम लेकर आ रहे हैं। तांडव को मुस्कान गौतम ने स्वरबद्ध किया है और सतीश त्रिपाठी ने म्यूजिक दिया है। महाराजा म्यूजिक लेबल के अंतर्गत बनाया गया शिव स्त्रोत जयपुराइट्स को इंतजार है। रावण ने यह स्त्रोत भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए लिखा था। 29 मिनट 53 सैकंड का शिव तांडव खास होगा।

### राजस्थान वुमन लीडरशिप समिट आज

**बेधड़क. जयपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई)-इंडियन वुमन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन)-राजस्थान चैप्टर की ओर से आईडब्ल्यूएन राजस्थान वुमन लीडरशिप समिट-2024 के 5वें संस्करण व वार्षिक सत्र का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। समिट में 100 से अधिक अनुभवी, सफल और अद्भुत बिजनेस लीडर्स, पॉलिसी मेकर्स, उद्यमियों, वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट्स और प्रोफेशनल महिलाएं अनुभव साझा करेंगे। समिट का उद्देश्य वुमन लीडर्स की शक्ति और क्षमता को प्रोत्साहित करना है, जिससे कि वे अपने स्वयं के ऑर्गेनाइजेशन के भीतर परिवर्तन एजेंट के रूप में कार्य कर सकें और भविष्य के लिए बिजनेस को आकार देने में सक्षम हो सकें।

### जेकेके में युवा नाट्य समारोह आज से

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से युवा नाट्य समारोह की शुक्रवार से शुरुआत होगी। शाम 7 बजे रंगायन सभागार में नाटक 'गोरधन के जूते' का मंचन किया जाएगा। 29 जून को शिल्पग्राम में 'लट्ठा चाशनी' नाटक खेला जाएगा। 30 जून को कृष्णायन में अनुराग सिंह राठौड़ के निर्देशन में नाटक 'कठपुतलियां' का मंचन होगा। गौरतलब है युवा नाट्य निर्देशक अनुदान योजना 2023-24 के उपरोक्त तीनों निर्देशकों का चयन किया गया है। रंगकर्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा नाट्य निर्देशकों को प्रोत्साहित करने के लिए जवाहर कला केन्द्र की ओर से युवा नाट्य निर्देशकों को यह अनुदान दिया जाता है। केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने कहा, कि आयोजन से युवा कलाकारों को मंच मिलेगा। युवा रंगकर्मियों ने रिसर्च के बाद टीम वर्क के साथ नाटक तैयार किए हैं।

***-'द लास्ट गिफ्ट' का मंचन आज: जयपुर।*** रवींद्र मंच के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महोत्सव में कला व संस्कृति विभाग तथा रवींद्र मंच की ओर से टैगोर थिएटर योजना में नाटक द लास्ट गिफ्ट का मंचन शुक्रवार को होगा। नाटक के लेखक व निर्देशन जयपुर के रंगकर्मी महेश महावर हैं। नाटक में दिखाया जाएगा कि भारतीय संस्कृति कितनी सुदृढ़ व संपन्न है।

**जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में निर्वाण लाडू चढ़ाया**

## चावल के सुंदर मंडल पर भक्तजनों ने किया भगवान का विधान पूजन



**बेधड़क | जयपुर**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में गुरुवार को भगवान के श्रीचरणों में तीर्थंकर विमलनाथ के मोक्ष कल्याण पर आचार्य शशांक सागर ससंघ के सानिध्य में निर्वाण लाडू समर्पित किया गया।

प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के बताया कि जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर भगवान श्रीविमलनाथजी का जन्म कम्पिलाजी में इक्ष्वाकु वंश के राजा कृतवर्म की पत्नी माता श्यामा देवी के गर्भ से माघ शुक्ल तृतीया को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में हुआ था। विमलनाथजी के शरीर का रंग सुवर्ण था और इनका चिह्न मलिनता का प्रतीक शूकर है। आचार्य शशांक सागर ने कहा कि ऐसे मलिन वृत्ति वाला पशु जब विमलनाथ भगवान के चरणों में आश्रय लेता है तो वह 'वराह' कहलाने लगता है। मंदिर में अभिषेक व शांति धारा के बाद अर्घ्य बोलते हुए पूजन की गई। विमल नाथ का निर्वाण शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखरजी में हुआ था। निर्वाण कांड बोलकर जयकारों के साथ मोक्ष कल्याण अर्घ्य बोलते हुए प्रदीप मीना चांदवाड परिवार तथा समाज जनों ने निर्वाण लाडू समर्पित किया। इसके बाद आचार्य शशांक सागरजी के सानिध्य में चावल से निर्मित सुंदर मंडल पर भक्तजनों द्वारा भगवान विमल नाथ का विधान पूजन किया गया।

**समाचार पत्र वितरक महासंघ ने किया सहस्त्र घट**

## भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर झांकी सजाई, रुद्राभिषेक किया



**बेधड़क | जयपुर**

नर्बदेश्वर महादेव मंदिर रामनिवास बाग में समाचार पत्र वितरक महासंघ जयपुर की ओर से सहस्त्र घट का आयोजन किया गया। इस मौके पर भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर भव्य झांकी सजाई गई।

समाचार पत्र वितरक महासंघ के संगठन महामंत्री एवं पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि हर वर्ष प्रदेश में अच्छी बारिश और समाचार पत्र वितरक एकता सुख समृद्धि की कामना के लिए समाचार पत्र वितरक महासंघ द्वारा सहस्त्र घट किया जाता है। महाआरती के बाद भक्तों ने पंगत प्रसादी जीमी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कालीचरण सराफ, स्वामी बालमुकुंद आचार्य, किशनपोल विधानसभा प्रत्याशी चंद्रमनोहर बटवाड़ा, आदर्श नगर विधानसभा विधायक प्रत्याशी रवि नैय्यर, पार्षद कुसुम यादव रहीं। इस दौरान कोषाध्यक्ष हनुमान सैनी, कन्हैया लाल यादव, सावंत सिंह राठौड़, संजय यादव, बीएल मीणा, राजेश यादव, अनिल यादव, टीकम यादव, घनश्याम यादव, सत्यनारायण शर्मा, गोविंद गुर्जर, कैलाश मीणा, अनिल यादव झोटवाड़ा, महेश यादव, एडवोकेट ओमप्रकाश यादव, गजेंद्र सिंह, जुगल बागड़ा, किशन तनेजा, महेंद्र जैन, रमेश सैनी, एसएन सैनी, जीएल यादव, अशोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

**मेला आज से** | **जवाहर कला केंद्र में आएंगे देश भर के कारीगर, संस्कृति कार्यक्रम होंगे खास**

# 'तरंग' में स्वदेशी को बढ़ावा देंगे हमारे यहां के 'हुनरबाज'

**बेधड़क | जयपुर**

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड की ओर से जवाहर कला केंद्र में 3 दिवसीय मेला 'तरंग' का आयोजन शुक्रवार से शुरू होगा।

30 जून तक चलने वाले मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नवीन नाम्बियार (क्षेत्रीय प्रबंधक आरबीआई जयपुर) व विशिष्ट अतिथि हर्षद कुमार (एसएलबीएस कन्वीनर), पुष्पहास पांडेय, ( महाप्रबंधक नाबार्ड) मंजू खुराना (महाप्रबंधक नाबार्ड) आशुतोष सरदाना (उप-महाप्रबंधक नाबार्ड) और एडॉन नेक्स्टजेन कंपनी से प्रदीप चौधरी, गोकुलचंद सैनी की उपस्थिति में किया जाएगा। कृषक उत्पादक संगठनों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर लाने के लिए आयोजित मेले में जयपुराइट्स शिरकत करेंगे।

यहां कृषक उत्पादक संघ और स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्वदेशी को बढ़ावा दिया जाएगा। ग्रामीण कारीगरों का हुनर स्पष्ट दिखाई देगा। ओएनडीसी द्वारा ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर जोड़ा जा रहा है। 3 दिवसीय मेले के आखिरी दिन लकी ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसमें आकर्षक पुरस्कार बांटे जाएंगे। साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



### प्रोडक्ट्स को मिलेगी अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान

मंजू खुराना महाप्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि नाबार्ड की ओर से आयोजित तरंग सेलिब्रेटिंग कलेक्टिविजेशन मेले में राज्य भर के किसान उत्पादक संगठनों, (एफपीओ) स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) और ओएफपीओ से जुड़े किसानों, ग्रामीण महिलाओं व पुरुषों को ई-प्लेटफार्म पर लाने के लिए मेले का आयोजन होगा। देश भर से आने वाले ग्राहकों से इनके प्रोडक्ट्स को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

### महिलाओं को मिलेंगे अवसर

महाप्रबंधक पुष्पहास पांडेय ने कहा कि किसानों के उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक विक्रय करने की व ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर लाने की पहल है। इससे युवा किसानों व ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे वे अपने खेत में उगने वाली फसल से तरह-तरह के प्रसंस्कृत उत्पाद बनाकर ऑन लाइन मार्केटिंग से देश-विदेश तक अपने प्रॉडक्ट्स को पहुंचा सकेंगे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शुक्रवार, 28 जून, 2024




अपने समय और ज्ञान का सही उपयोग करना ही बुद्धिमत्ता है।
**विनायक शर्मा**, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## पूर्वी चीन सागर में 'एक्सरसाइज फ्रीडम एज' शुरू

# अमेरिका, जापान और द. कोरिया का संयुक्त अभ्यास



**एजेंसी** | वाशिंगटन

जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच पहला संयुक्त मल्टी-डोमेन अभ्यास (फ्रीडम एज) गुरुवार को पूर्वी चीन सागर में शुरू हुआ और यह तीन दिन तक चलेगा। अमेरिका इंडो-पैसिफिक कमांड ने यह घोषणा की है।

कमांड ने एक बयान में कहा कि जापान, कोरिया गणराज्य और अमेरिका ने एक त्रिपक्षीय मल्टी-डोमेन अभ्यास 'एक्सरसाइज फ्रीडम एज' शुरू किया। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि फ्रीडम एज नामक तीन दिवसीय अभ्यास, दक्षिण कोरिया के दक्षिणी रिज़ॉर्ट द्वीप जेजू के दक्षिण में अंतरराष्ट्रीय जल में शुरू हुआ। तीन देशों के रक्षा प्रमुखों ने अपने नेताओं के अनुरूप इस महीने की शुरुआत में अभ्यास शुरू करने पर सहमति व्यक्त की।

अभ्यास में अमेरिकी नौसेना के यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट विमानवाहक पोत, दक्षिण कोरिया के सेओए रियू सेओंग-रयोंग विध्वंसक और जापान के जेएस इसे हेलिकॉप्टर विध्वंसक सहित तीन पक्षों से विभिन्न युद्धपोतों और विमानों को तैनात किया गया।

### उत्तर कोरिया ने किया सफल मिसाइल परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मल्टीपल वॉरहेड मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण कर लिया। उत्तर कोरिया ने इस सफल परीक्षण के साथ दक्षिण कोरिया के आकलन का भी खंडन किया है। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा था कि उत्तर कोरिया की तरफ से कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी तट से दूर समुद्र की ओर एक अज्ञात बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण विफल होता दिख रहा है।

### बम विस्फोट से इजराइली सैनिक की मौत, 16 घायल

**यरूशलम।** उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में गुरुवार को एक छापे के दौरान सड़क किनारे बम विस्फोट से एक इजराइली सैनिक की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वाफा ने बताया कि इजरायली सेना ने जेनिन में एक फार्मेसी और निजी घरों पर छापे मारे, जिसमें एक फिलिस्तीनी युवक घायल हो गया।

### झगड़े के मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति को सजा

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर में 2023 में एक होटल में हुए विवाद से जुड़े मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को एक अन्य व्यक्ति को मुक्का और लात मारने सहित कई मामलों में दोषी ठहराया गया है और एक साल जेल की सजा सुनाई गई है।

### ब्रसेल्स में हुई गोलीबारी में दो की मौत, तीन घायल

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम में ब्रसेल्स के सेंट गिल्स में मिडी ट्रेन स्टेशन के पास बीती रात हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए हैं। बेल्जियम प्रेस के मुताबिक एक कैफे में गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई।

## बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली हमले की जिम्मेदारी

# बलूचिस्तान में आतंकी हमला...

### ▪ दो सुरक्षाकर्मियों की मौत



**एजेंसी** | इस्लामाबाद

बलूचिस्तान के काकत जिले के इस्कालकु इलाके में पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड के तेल और गैस अन्वेषण स्थल की सुरक्षा करने वाली एक चौकी पर हुए आतंकी हमले में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि लगभग 50 हथियारबंद लोगों ने पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड क्षेत्र और फ्रंटियर कोर (एफसी) पोस्ट पर हमला किया। प्रतिबंधित बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के एक प्रवक्ता ने इस हमले की जिम्मेदारी ली।

बलूचिस्तान के गृह मंत्री जियाउल्लाह लैंगोव ने क्वेटा में कहा है कि भारी गोलीबारी में दो एफसी सैनिकों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि हमलावर चौकी पर तैनात सभी लोगों को बंधक बनाना चाहते थे। हमले शुरू होते ही बड़ी संख्या में सैनिकों को घटनास्थल पर भेजा गया। सैनिकों ने आतंकवादियों के प्रयास को विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि दो चौकियों पर एफसी के लगभग 20 जवान पीपीएल अन्वेषण परियोजना स्थल की रखवाली कर रहे थे। कई घंटों तक चली गोलीबारी के बाद 18 एफसी कर्मियों को चेक पोस्ट से सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि दो शहीद हो गए। मंत्री लैंगोव ने कहा कि आतंकवादियों ने पहले काकत जिले के खलीकाबाद इलाके में एक एफसी शिविर पर हमला किया और रॉकेट दागे। यहां कोई जनहानि नहीं हुई।

खलीकाबाद हमले के ठीक दो घंटे बाद लगभग 50 आतंकवादियों ने पीपीएल गैस अन्वेषण परियोजना स्थल की सुरक्षा करने वाली एफसी पोस्ट पर हमला किया। हालांकि, पीपीएल कर्मचारी वहां नहीं थे। उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिमी बलूचिस्तान का काफी बड़ा भू-भाग पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के पास है। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा बोलन दर्रे के मार्ग पर स्थित है।

## नेपाल के अधिकांश हिस्सों में हो रही लगातार बारिश

# भूस्खलन और बाढ़ से एक दिन में 10 की मौत



**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आकर 10 लोगों की मौत हो गई है। देश के अधिकांश हिस्सों में हो रही लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन से राजमार्ग भी अवरुद्ध होने की जानकारी मिली है। मानसून के प्रवेश के साथ ही नेपाल के अधिकांश हिस्सों में बीते दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ के कारण सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक स्यांग्जा जिले में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि लमजुंग और कास्की जिले में पांच लोगों की मौत हो गई है। इसी तरह कैलाली जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है। गृह मंत्रालय के मुताबिक भारी बारिश के कारण देश के कई राजमार्ग भी अवरुद्ध हो गया है। बाढ़ के कारण मोरंग और कपिलवस्तु जिले में दो लोगों की मौत हो गई है।

### अफगानिस्तान में बाढ़ से सात की जान गई

**एजेंसी** | बामियान

अफगानिस्तान के बामियान प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ के कारण सात लोगों की मौत हो गई और 10 लोग लापता हो गए। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता अब्दुल सबौर सिघानी ने बताया कि बामियान प्रांत में याकावलांग जिले के कुछ हिस्सों में प्राकृतिक आपदा आई। उन्होंने बताया कि पीड़ितों के शवों या जीवित बचे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं।




## एक साथ दौड़ेंगी कारें और ट्रेन

# समंदर के अंदर 18 किमी लंबी सुरंग!

**एजेंसी** | कोपनहेगन

डेनमार्क और जर्मनी के बीच पानी के अंदर दुनिया की सबसे लंबी सुरंग बन रही है। इस सुरंग के बनने से दोनों देश समुद्र के अंदर से एक-दूसरे से कनेक्ट हो जाएंगे। यह 'अंडरवाटर सुरंग' 2029 तक बनकर तैयार हो जाएगी। सुरंग कई आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। सुरंग के अंदर डबललेन रोड और रेलमार्ग भी होगा।



इस सुरंग की लंबाई 18 किलोमीटर होगी। इस सुरंग के बनने पर 57 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत आएगी। बाल्टिक सागर के 40 मीटर नीचे से गुजरने वाली ये दुनिया की सबसे लंबी रेल और रोड सुरंग अगले पांच साल में तैयार हो जाएगी। ये सुरंग डेनमार्क और जर्मनी को जोड़ेगी। साल 2029 में इसके खुलने पर दोनों देशों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। इसे फेहमर्नबेल्ट टनल नाम दिया गया है। डेनमार्क के राजा फ्रेडरिक ने सुरंग का फर्स्ट एलिमेंट उद्घाटन किया गया है। ये 2020 में इसका निर्माण शुरू होने के चार साल बाद सबसे बड़ी कामयाबी है। यह सुरंग 18 किलोमीटर (11.1 मील) लंबी होगी तथा यूरोप की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है, जिसका निर्माण बजट 7 बिलियन यूरो (7.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के करीब है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस टनल की तुलना इंग्लैंड और फ्रांस को जोड़ने वाली 50 किलोमीटर (31 मील) की चैनल टनल से की जा रही है, जो 1993 में पूरी हुई थी। हालांकि दोनों में एक अहम फर्क है।

### 2008 में शुरू हुई परियोजना

यह परियोजना 2008 में शुरू हुई थी, जब जर्मनी और डेनमार्क ने सुरंग बनाने के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद दोनों देशों द्वारा आवश्यक कानून पारित करने और भू-तकनीकी और पर्यावरणीय प्रभाव अध्ययन करने में एक दशक से अधिक समय लग गया, जबकि डेनमार्क की ओर से यह प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो गई। जर्मनी में कई संगठनों ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं के आधार पर परियोजना की मंज़ूरी के खिलाफ अपील की। नवंबर 2020 में जर्मनी की एक संघीय अदालत ने शिकायतों को खारिज कर दिया।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl